RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्ष: 11 अंक: 27 | जयपुर रविवार, 26 जुलाई 2026 | मूल्य: 4 रुपए | पृष्ठ: 08

नीट यूजी विवाद और छात्र आंदोलन के बीच लिया बड़ा फैसला

# धर्मेंद्र प्रधान ने दिया इस्तीफा, राष्ट्रपति ने किया स्वीकार, अब प्रल्हाद जोशी बने नए शिक्षा मंत्री





● नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना त्यागपत्र भेज दिया था। यह फैसला नीट यूजी 2026 परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर देशभर में जारी विवाद और जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच सामने आया। प्रधान ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए इस्तीफे की वजह भी साझा की। प्रधान का इस्तीफा राष्ट्रपति ने भी स्वीकार कर लिया है।

राष्ट्रपति भवन ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर उनका त्यागपत्र मंजूर किया गया। साथ ही, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जोशी फिलहाल उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार दोपहर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री को भेजे गए अपने इस्तीफे की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि नीट-यूजी परीक्षा विवाद और जंतर-मंतर पर जारी छात्र आंदोलन के बीच देशहित और विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह निर्णय लिया।

## 4 सप्ताह बाद शिक्षा सुधारों पर फिर होगी बैठक

**तीन** दौर की वार्ता के बाद सरकार और आंदोलनकारी संगठन के बीच सहमति बनी। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद दोनों पक्षों ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनकी प्रमुख मांगों पर सकारात्मक सहमति बनी है और प्रदर्शन समाप्त किया जा रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों पर उचित कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रतिशोधात्मक कार्रवाई नहीं होगी। दोनों पक्षों ने परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधारों और तय बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा के लिए चार सप्ताह बाद फिर बैठक करने पर सहमति जताई। शनिवार को केंद्रीय मंत्रियों जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह के साथ तीसरे दौर की बातचीत के बाद आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संगठन ने प्रदर्शन समाप्त करने की अपील की। संगठन के प्रतिनिधियों ने दावा किया कि उनकी प्रमुख मांगों पर सरकार ने सकारात्मक रुख अपनाया है और चार सप्ताह बाद शिक्षा सुधारों पर फिर बैठक होगी।

## नई जिम्मेदारी पर क्या बोले प्रल्हाद जोशी



**शिक्षा** मंत्रालय की जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रल्हाद जोशी ने पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह इस दायित्व को विनम्रता और पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा प्रधानमंत्री की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। जोशी ने कहा कि पिछले वर्षों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति समेत कई महत्वपूर्ण सुधार लागू किए गए हैं और पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में काम जारी रहेगा।

## विपक्ष ने क्या कहा...

- आम आदमी पार्टी ने इसे युवाओं की जीत बताया।
- समाजवादी पार्टी ने इसे छात्र आंदोलन की सफलता कहा।
- कांग्रेस नेताओं ने शिक्षा सुधारों की मांग दोहराई।
- मायावती ने प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मामलों को वापस लेने और कार्रवाई की मांग की।
- अन्य विपक्षी नेताओं ने इसे जवाबदेही की दिशा में बड़ा कदम बताया।

### आगे क्या?

- नए शिक्षा मंत्री की नियुक्ति
- पेपर लीक कानून का लागू होना
- शिक्षा व्यवस्था में सुधार
- सरकार के लिखित आश्वासन पर अमल

## वांगचुक बोले- यह लोकतंत्र की जीत



**सोनम** वांगचुक ने सोशल मीडिया पर लिखा-यह शांतिपूर्ण संघर्ष, धैर्य और जवाबदेही की जीत है। उन्होंने कहा कि अब शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की दिशा में आगे बढ़ने का समय है।

### सोशल मीडिया पर जश्न

इस्तीफे के बाद सोशल मीडिया पर छात्रों और समर्थकों की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। जंतर-मंतर पर जश्न मनाते प्रदर्शनकारियों के वीडियो भी वायरल हुए।

### ट्रेंड में रहे हैशटैग

#DharmendraPradhan

- #NEET





## सीजेपी ने जंतर-मंतर से धरना समाप्त करने का किया ऐलान

**जंतर-मंतर** पर 34 दिनों से जारी छात्र आंदोलन के बीच कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने अपना धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी है। संगठन का दावा है कि सरकार ने उसकी प्रमुख मांगों पर सहमति जताई है। तीसरे दौर की वार्ता के बाद आंदोलन समाप्त करने का फैसला लिया गया। केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के लिए संशोधन विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी है। प्रस्तावित कानून में संगठित पेपर लीक के मामलों में 10 साल तक की जेल और 10 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

### 34 दिन चला आंदोलन

- जंतर-मंतर पर लगातार धरना
- शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग
- तीन दौर की वार्ता
- सरकार से सहमति का दावा
- आंदोलन समाप्त करने का किया गया ऐलान

### आंदोलन की तीन प्रमुख मांगें...

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा
- आंदोलनकारियों पर दर्ज एफआईआर वापस लेना
- घायल प्रदर्शनकारियों को मुआवजा देना
- संगठन का दावा है कि सरकार ने इन तीनों मांगों पर सहमति जताई है।

### वार्ता में क्या बनी सहमति, सरकार का आश्वासन

- बीजेपी और सहयोगी दलों की सरकार वाले राज्यों में एफआईआर वापस लेने पर सहमति
- घायल प्रदर्शनकारियों को मुआवजा देने पर सहमति
- शिक्षा सुधारों पर आगे भी बातचीत जारी रहेगी
- लिखित आश्वासन मंगलवार तक देने की बात

# ट्रांसजेंडर्स को सरकारी नौकरी कैसे मिलेगी...

## कोर्ट ने दिल्ली सरकार से मांगा जवाब, कहा- स्थिति स्पष्ट करें

● नई दिल्ली / आरएनएन



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा है कि जब सरकारी भर्ती विज्ञापनों में पदों को अब भी सिर्फ पुरुष और महिला श्रेणी में बांटा जा रहा है, तो ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों की नियुक्ति किस आधार पर की जाएगी। कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली सरकार से हलफनामा दाखिल कर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में थर्ड जेंडर का विकल्प जोड़ना ही पर्याप्त समाधान नहीं है।

### वे भी इंसान हैं, संवेदनशीलता जरूरी

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि ट्रांसजेंडर लोगों को सम्मान के साथ रोजगार के अवसर मिलना चाहिए। कोर्ट ने टिप्पणी की कि उन्हें संवेदनशीलता के साथ देखने की जरूरत है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि भले ही आवेदन पोर्टल में बदलाव कर दिया गया हो, लेकिन भर्ती विज्ञापनों में अब भी पदों को पुरुष और महिला श्रेणी में ही जारी किया जा रहा है, जिससे ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों के लिए अलग विकल्प नहीं बचता।

# असम में बाढ़, जम्मू-कश्मीर और नागालैंड में भूस्खलन

## कई राज्यों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

● नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। असम में बाढ़, जबकि जम्मू-कश्मीर और नागालैंड में भूस्खलन ने हालात गंभीर बना दिए हैं। कई लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों लोग प्रभावित हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। लगातार बारिश से सडक़ें, पुल, बिजली और संचार सेवाएं प्रभावित हुई हैं। कई गांवों का संपर्क कट गया है। राहत एवं बचाव दल अभियान चला रहे हैं, हालांकि कई क्षेत्रों में जलभराव और मलबे के कारण राहत कार्य प्रभावित हो रहा है। नागालैंड में लगातार बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है। इन घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो चुकी है। कई इलाकों में राहत एवं बचाव अभियान जारी है।



### भारी बारिश का अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार, सक्रिय मानसून और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाले दिनों में भी कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसके चलते बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बना रहेगा। लोगों से नदी-नालों और पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करने की अपील की गई है। लगातार बारिश से असम, जम्मू-कश्मीर और नागालैंड समेत कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। राहत एजेंसियां हालात सामान्य करने में जुटी हैं, लेकिन मौसम का मिजाज फिलहाल चिंता बढ़ाने वाला बना हुआ है।

# नई पीढ़ी को आदेश नहीं, संवाद की जरूरत

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बड़ा संदेश

● नई दिल्ली / आरएनएन



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने नई पीढ़ी, परिवार और संस्कारों को लेकर कहा कि आज के बच्चों को आदेश देने की बजाय उनसे बातचीत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी हर बात का तर्क जानना चाहती है, इसलिए माता-पिता को उनके सवालों के जवाब देने चाहिए। दिल्ली में आयोजित विश्व मंगलम् सभा में भागवत ने कहा कि पहले के समय में माता-पिता की बात को अंतिम माना जाता था। बच्चों में माता-पिता के प्रति श्रद्धा और भरोसा होता था, लेकिन अब समय बदल चुका है। आज बच्चे सवाल पूछते हैं और उन्हें हर बात समझाकर बतानी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और भौतिक साधनों के बढ़ते प्रभाव के बीच बच्चों को अधिक अपनापन, समय और संवाद की जरूरत है। घरों में आदेश देने की जगह चर्चा का माहौल बनना चाहिए। भागवत ने परिवारों में घटते संवाद पर चिंता जताते हुए कहा कि आज कई घरों में लोग साथ रहते हुए भी मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की बात ध्यान से सुननी चाहिए, ताकि वे अपनी समस्याएं और विचार खुलकर साझा कर सकें।

# पचोर-खुजनेर मार्ग पर कार नाले में गिरी, पांच श्रद्धालुओं की मौत

## शाजापुर से खाटू श्याम मंदिर जाने के दौरान हुआ हादसा

### रस्सियों और जेसीबी की मदद से कार को नाले से बाहर निकाला



● राजगढ़

पचोर-खुजनेर मार्ग पर भीलखेड़ी जोड़ के पास शनिवार को एक दर्दनाक सडक़ हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। शाजापुर से राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की कार पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नाले में जा गिरी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार पुल पार करते समय अनियंत्रित होकर नीचे नाले में गिर गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। खुजनेर थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रस्सियों और जेसीबी की सहायता से कार को नाले से बाहर निकाला। कार में फंसे लोगों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में इनकी हुई मौत

पुलिस के अनुसार, हादसे में गोविंद तिवारी (55), कमल किशोर तिवारी (57), शंकर नाथ (58), अरविंद वर्मा (50) और रोहित पटेल (40) की मौत हुई है। प्रारंभिक जांच में सभी मृतकों के एक ही क्षेत्र के निवासी होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतकों में शामिल अरविंद वर्मा निजी बस में कंडक्टर थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। परिजनों के अनुसार, चार वर्ष पहले उनके छोटे भाई की भी एक हादसे में मौत हो गई थी।

# दुनियाभर में ठप हुई चैटजीपीटी की सेवा

### एक घंटे बाद हुई बहाल

नई दिल्ली, आरएनएन। ओपनएआई के लोकप्रिय एआई चैटबॉट चैटजीपीटी की सेवाएं शनिवार दोपहर अचानक बाधित हो गईं। भारत समेत अमेरिका, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कई अन्य देशों के यूजर्स को प्लेटफॉर्म इस्तेमाल करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे बाद सेवाएं सामान्य हो गईं। आउटेज ट्रैक करने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर पर भी बड़ी संख्या में यूजर्स ने शिकायतें दर्ज कराईं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कई लोगों को चैटजीपीटी के वेब और ऐप दोनों संस्करणों तक पहुंचने में परेशानी हुई। कंपनी ने कहा कि समस्या के कारणों की जांच की जा रही है।

सावन 2026 | सावन का पवित्र महीना इस वर्ष 30 जुलाई से 28 अगस्त तक रहेगा

# 23 साल बाद सावन सोमवार-नागपंचमी का दुर्लभ संयोग

● नई दिल्ली

सावन का पवित्र महीना इस वर्ष 30 जुलाई से 28 अगस्त तक रहेगा। इस दौरान चार सोमवार पड़ेंगे, लेकिन 17 अगस्त का तीसरा सोमवार विशेष महत्व रखता है। इस दिन नागपंचमी का पर्व भी मनाया जाएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, सावन सोमवार और नागपंचमी का यह दुर्लभ संयोग करीब 23 साल बाद बन रहा है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन का महीना भगवान शिव की उपासना के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। श्रद्धालु पूरे महीने व्रत, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और दुग्धाभिषेक कर शिवलिंग पर बेलपत्र, शमी पत्र एवं भस्म अर्पित करते हैं। वहीं, सावन के सोमवार का व्रत विशेष फलदायी माना गया है।

पंचांग के अनुसार, श्रावण शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी नागपंचमी इस वर्ष 17 अगस्त 2026, सोमवार को मनाई जाएगी। इससे पहले वर्ष 2003 में नागपंचमी सोमवार के दिन पड़ी थी। लगभग 23 वर्ष बाद दोबारा बन रहे इस संयोग को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जा रहा है।



### क्यों खास है सोमवती नागपंचमी?

**सोमवार** भगवान शिव का प्रिय दिन माना जाता है, जबकि नाग देवता उनके आभूषण स्वरूप गले में विराजमान रहते हैं। ऐसे में सोमवार को पडऩे वाली नागपंचमी को सोमवती नागपंचमी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन शिवलिंग का चंदन, गंगाजल, दूध और बेलपत्र से अभिषेक करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।

### पूजा के शुभ मुहूर्त

- ब्रह्म मुहूर्त: सुबह 4.24 से 5.08 बजे तक
- अभिजीत मुहूर्त: सुबह 11.59 से दोपहर 12.51 बजे तक
- रवि योग: सुबह 5.51 से 8.04 बजे तक
- संध्या पूजा मुहूर्त: शाम 6.59 से रात 8.04 बजे तक

### सावन 2026 के 4 सोमवार

- पहला सोमवार: 3 अगस्त
- दूसरा सोमवार: 10 अगस्त
- तीसरा सोमवार (नागपंचमी): 17 अगस्त
- चौथा सोमवार: 24 अगस्त

# कॉमनवेल्थ गेम्स में झंडू ने दिलाया पहला पदक

## ग्लासगो में हेवीवेट स्पर्धा में जीता कांस्य

● नई दिल्ली / आरएनएन



भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में अपना पदक खाता खोल लिया है। बिहार के पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ने ग्लासगो में पुरुषों की हेवीवेट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश को पहला मेडल दिलाया।

29 वर्षीय झंडू ने अपने दूसरे प्रयास में 190 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाया। अंतिम प्रयास में 196 किलोग्राम उठाने से चूकने के बावजूद उनका कांस्य पदक सुरक्षित रहा। नाइजीरिया के रिलुवान इदरीस के 212 किलोग्राम का प्रयास असफल रहने के बाद झंडू का पदक पक्का हो गया। कभी ई-रिक्शा चलाकर और परिवार की मदद के लिए सब्जी बेचने वाले झंडू ने कठिन परिस्थितियों से निकलकर यह उपलब्धि हासिल की। बचपन में पोलियो से प्रभावित होने के बावजूद उन्होंने संघर्ष नहीं छोड़ा और अब कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए पहला पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया।

# लूट व छीना-झपटी की वारदातों का खुलासा : 3 शातिर आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** सागर राणा (IPS), जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा के आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही लूट एवं छीना-झपटी की वारदातों की रोकथाम तथा वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधराज (RPS), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व राहुल जोशी, पुलिस उप-अधीक्षक (वृत्त माण्डल) के सुपरविजन में गजेन्द्र सिंह नरुका, थानाधिकारी माण्डल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए लूट व झपटमारी की घटनाओं का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

**यह था मामला**

दिनांक 22.07.2026 को प्रार्थी श्री जकिर हुसैन (निवासी लुहारिया) ने थाना माण्डल पर रिपोर्ट दी कि दिनांक 21.07.2026 की रात करीब 2:00 बजे जब वे और उनकी पत्नी खेत पर सो रहे थे, तब कुछ अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला। बदमाशों ने प्रार्थी की पत्नी के कानों से 10 ग्राम सोने की बालियां झपट लीं, जिससे उनके दोनों कान फट गए। अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी मौके से फरार हो गए।

रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण संख्या 231/26, धारा 309(6) BNS के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान देवलाल गुर्जर (उप-निरीक्षक) के सुपुर्द किया गया।

**सीसीटीवी व तकनीकी साक्ष्य**

गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। टीमों ने परस्पर समन्वय स्थापित कर कड़ियों से कड़ियां जोड़ते हुए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों को चिह्नित किया।

**मोडस ऑपरेंडी (वारदात का तरीका)**

पूछताछ में मुख्य आरोपी राजेश उर्फ भोल्या ने खुलासा किया कि वह गांव लुहारिया में किराये पर रहकर मजदूरी के बहाने रेकी करता था। रेकी के बाद वह अपने साथियों को वारदात के लिए बुलाता था। वारदात के समय अभियुक्त मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते थे। घटना को अंजाम देने के बाद साथियों को रवाना कर आरोपी राजेश स्वयं पुनः मजदूरी व रेकी में लग जाता था।

अन्य वारदातों का कबूलनामा: आरोपियों ने माण्डल थाना क्षेत्र के लुहारिया, सोदानपुरा व केरिया खेड़ा तथा थाना बागोर क्षेत्र में लूट व छीना-झपटी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है, जिससे अन्य वारदातों के खुलने की संभावना है।

**ये हुए गिरफ्तार**

रतनलाल पिता भंवर कालबेलिया उर्फ मूल्या सिन्दल (उम्र 28 वर्ष), निवासी- माताजी की बावड़ी, माधोगंज गोपालपुरा, थाना टोडारायसिंह, जिला टोंक। राजेश उर्फ भोल्या पिता भंवर कालबेलिया उर्फ मूल्या सिन्दल (उम्र 28 वर्ष), निवासी- माताजी की बावड़ी, माधोगंज गोपालपुरा, थाना टोडारायसिंह, जिला टोंक। शंकरनाथ पिता जगदीश नाथ कालबेलिया (उम्र 32 वर्ष), निवासी- भीमरोड, थाना मोर, जिला टोंक।

## अगरपुरा में भीषण सड़क हादसा - ईको कार व बाइक की जोरदार टक्कर, बाइक सवार दंपती की मौत

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर ।** नेशनल हाईवे 758 पर आज दूसरे दिन शुक्रवार रात को भीषण सड़क हादसा देखने को मिला, इसमें अगरपूरा गांव के पास रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां ईको कार व बाइक में आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई, टक्कर इतनी जबरदस्ती की इस हादसे में बाइक सवार दंपति की मौत हो गई । सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची । एएसआई रोहिताश्व कुमार ने बताया कि नेशनल हाईवे 758 पर अगरपुरा गांव के पास एक ईको कार ने बाइक को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपती उछलकर दूर सड़क किनारे खाई में जा गिरे । वही बाइक भी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई, दोनों गंभीर घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां डॉक्टर ने दंपति को मृत घोषित किया । बाइक सवार राजसमंद जिले के आमेट निवासी बंशीलाल भील उम्र 46 वर्ष अपनी उनकी पत्नी मांगी देवी भील उम्र 42 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर अगरपुरा क्षेत्र के पौडरास गांव जा रहे थे, इसी दौरान पौडरास गांव से महज 4 किलोमीटर पहले इस दर्दनाक सड़क हादसे ने दंपति की जीवन लीला को समाप्त कर दिया । दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई, वहीं कुछ देर तक हाइवे पर जाम की स्थिति पैदा हो गई, सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर हाईवे को सुचारु किया, पुलिस दोनों मृतक महिला पुरुष की शिनाख्त का प्रयास कर रही हैं । नेशनल हाईवे पर गुरुवार रात्रि को भी रुपाहेली चौराया के पास कार व बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हुई थी ।

## महिला अधिकार अधिनियम 1956 पर विधिक साक्षरता शिविर

स्मार्ट हलचल



**मांडलगढ़।** उपखण्ड क्षेत्र के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीगोद में 'नारी अधिकार अधिनियम 1956' विषय पर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (तालुका विधिक सेवा समिति, मांडलगढ़) द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सुश्री प्रिया मीणा (न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष, तालुका सेवा समिति) के निर्देशन में आयोजित हुआ। शिविर में पी.एल.वी. कमलेश सुखवाल ने छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक व सचेत रहने हेतु प्रेरित किया। शिविर में 305 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया। यह शिविर छात्राओं, शिक्षकों एवं संपूर्ण समाज के लिए अत्यंत उपयोगी रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने छात्राओं को शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा संवैधानिक कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सदस्य श्रीमती चंता गुर्जर, शुभ्रा शर्मा, ऊषा पारीक एवं मथुरा लाल उपस्थित रहे।

वांटेड हिस्ट्रीशीटर पूरण गुर्जर गिरफ्तार

## पुलिस को चकमा देकर भाग रहा था, खेतों में घेराबंदी कर दबोचा,आरोपी पर करीब 25 मुकदमे है दर्ज

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे और भगोड़ा घोषित हिस्ट्रीशीटर पूरण गुर्जर को शनिवार को कारवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को देखते ही आरोपी खेतों के रास्ते भागने लगा और पत्थरों की दीवारें फांदते समय गिरने से उसके पैर में चोट लग गई। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया और उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, नागा का बाड़िया (करेड़ा) निवासी पूरण गुर्जर के खिलाफ मारपीट, नकबजनी सहित विभिन्न धाराओं में करीब 25 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसे भीलवाड़ा पुलिस ने पहले ही भगोड़ा घोषित कर रखा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसटी, गुलाबपुरा थाना, करेड़ा थाना और सदर थाना सहित चार टीमों का गठन किया गया। मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी देवगढ़-करेड़ा क्षेत्र में देखा गया है। सूचना के आधार पर करेड़ा थाना क्षेत्र के निम्बाहेडा जाटान गांव में चारों ओर से घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर आरोपी खेतों की ओर भाग निकला, लेकिन पीछा कर रही टीम ने उसे पकड़ लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि कुछ माह पहले हमीरगढ़ पुलिस पर फायरिंग कर फरार हुए कमलेश उर्फ कम्मू गुर्जर को गिरफ्तार किए जाने के दौरान उसके पास से बरामद अवैध पिस्तौल और कारतूस पूरण गुर्जर ने ही उपलब्ध कराए थे। इसी खुलासे के बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क, हथियार उपलब्ध कराने और अन्य आपराधिक गतिविधियों के संबंध में गहन अनुसंधान किया जाएगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि आरोपी द्वारा किसी को धमकाने या अन्य आपराधिक गतिविधि की जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस का कहना है कि अपराधी चाहे कोई भी हो, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

मोचड़िया मंड दरबार में 142 यूनिट रक्तदान

## 250 से अधिक भक्तों ने लिया मैडिकल कैंप की नि :शुल्क सेवाओं का लाभ



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर ।** सवाईपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध धर्म स्थल श्री मोचड़िया का मंड देवनारायण मंदिर प्रांगण में शनिवार को सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा, श्री चारभुजा सेवा समिति बन का खेड़ा के तत्वाधान में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 142 युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया । रक्तदान शिविर के साथ ही आयोजित विशाल निःशुल्क नेत्र व दंत चिकित्सा शिविर भी आयोजित हुआ । शिविर प्रभारी सांवरमल जाट व संस्थापक गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवनारायण मंदिर प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें आसपास के 142 अपने रक्त का दान किया । युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, इसमें कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया, तो कई रक्त दाताओं ने दुर्लभ रक्त का दान किया । प्रातः 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक शिविर का आयोजन हुआ । इस दौरान विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 150 से अधिक भक्तों की निःशुल्क परीक्षण जीबीएच सिम्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश भदादा के नेतृत्व में किए गए एवं दवा वितरण के उचित परामर्श प्रदान किया, जिसमें चयनित 27 रोगियों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन 27 जुलाई को जीबीएच सिम्स हॉस्पिटल भीलवाडा में किए जाएंगे । वही विश्नोई डेंटल क्लिनिक भीलवाड़ा के तत्वाधान में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 150 से अधिक लोगों ने निशुल्क दांतों का परीक्षण एवं चिकित्सा सेवा ली एवं सभी को दवा वितरण की । शिविर में निःशुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच भी की गई । सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन की ओर से सभी रक्तदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया । रक्त संग्रहण राजकीय महात्मा गांधी ब्लड बैंक टीम एवं कोटड़ी श्याम ब्लड सेंटर द्वारा किया गया ।।

## कुलदेवी बधर माता सेवा समिति ने कथक रिकॉर्डधारी दिव्यांशा सोमानी का किया अभिनंदन



### महज 4.22 सेकंड में कथक के नौ नवरस प्रस्तुत कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया नाम

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** शहर के भूपालगंज निवासी दिव्यांशा सोमानी ने कथक नृत्य में अद्वितीय उपलब्धि हासिल करते हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। दिव्यांशा ने कथक के नौ नवरसकृश्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत एवं शांत रस को मात्र 4.22 सेकंड में प्रस्तुत कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस उपलब्धि को 14 मई 2026 को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा प्रमाणित किया गया। कुलदेवी बधर माता सेवा समिति के जिला मंत्री देवेन्द्र सोमानी ने बताया कि 29 अगस्त 2008 को जन्मी दिव्यांशा ने कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर समिति के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद राधेश्याम सोमानी के नेतृत्व में दिव्यान्शा के निवास पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मेवाड़ी पगड़ी, उपरना, तिलक, कुलदेवी की तस्वीर एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। समारोह में उनके पिता राम अवतार सोमानी, माता सविता सोमानी, दादा सुरेश व दिनेश, दादी तारा देवी व शांता देवी, भाई प्रखर, चाचा श्याम एवं चाची पूनम सहित परिजन उपस्थित रहे। राधेश्याम सोमानी ने कहा कि दिव्यान्शा की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, समर्पण और भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक के प्रति लगन का परिणाम है। यह सफलता जिले और समाज के लिए गर्व का विषय है तथा अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण सोमानी, बद्रीलाल सोमानी, जतन हिंगड़, बालमुकुंद सोमानी सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

नगरीय निकाय आम चुनाव-2026

## नगर पालिकाओं में महापौर, उपमहापौर, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों नियुक्ति

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान, जयपुर द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी नगरीय निकायों के आम चुनाव-2026 की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) श्री जसमीत सिंह संधू ने नगर निगम तथा जिले की नगर पालिकाओं में महापौर, उपमहापौर, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को नियुक्त किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) के निर्देशानुसार नगर निगम के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) को रिटर्निंग अधिकारी तथा उपखण्ड अधिकारी भीलवाड़ा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका आसीन्द के लिए उपखण्ड अधिकारी आसीन्द को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार आसीन्द को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार गुलाबपुरा के लिए उपखण्ड अधिकारी गुलाबपुरा को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार हुरड़ा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, गंगापुर के लिए उपखण्ड अधिकारी गंगापुर को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार सहाड़ा (मुख्यालय गंगापुर) को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, हमीरगढ़ के लिए उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ़ को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार हमीरगढ़ को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, बनेड़ा के लिए उपखण्ड अधिकारी बनेड़ा को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार बनेड़ा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, शाहपुरा के लिए उपखण्ड अधिकारी शाहपुरा को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार शाहपुरा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जहाजपुर के लिए उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार जहाजपुर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, बीगोद के लिए सहायक निदेशक, लोक सेवाएँ विभाग, भीलवाड़ा को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार काछोला को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, माण्डलगढ़ के लिए उपखण्ड अधिकारी माण्डलगढ़ को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार माण्डलगढ़ को सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा नगर पालिका बिजौलिया के लिए उपखण्ड अधिकारी बिजौलिया को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार बिजौलिया को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे तथा संबंधित अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन कार्यक्रम के अनुरूप निर्वाचन संबंधी समस्त कार्यवाही का संपादन करेंगे।

## 6 साल से फरार 10 हजार का ईनामी गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** सुभाषनगर थाना पुलिस ने 10 हजार के ईनामी फरार बदमाश को गिरफ्तार किया । आरोपी छोटू नायक पिता मोहन नायक (निवासीः सिंहपुरा, थाना बदनोर, भीलवाड़ा; हाल निवासीः सांवरा का मकान, छोटी पुलिया के पास, थाना सुभाषनगर, भीलवाड़ा) 6 साल से फरार चल रहा था । आरोपी के खिलाफ मर्डर केस (प्र.स 263/2020 धारा 303, 202 आईपीसी) एवं सत्र न्यायाधीश भीलवाड़ा द्वारा स्थाई वारंट (प्र.स 35/21) भी जारी था । पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी की घेराबंदी कर डिटेन ओर गिरफ्तार किया ।

## आगामी त्यौहारों को लेकर बड़लियास थाना में सीएलजी सदस्यों की बैठक

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर ।** बनियास थाना में आज आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित हुई, इसमें सभी त्योहार आपसी भाईचारा सद्भावना के साथ मनाए जाने की अपील की । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि शनिवार शाम को थाना परिसर में शांति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई, बैठक की अध्यक्षता मांडलगढ़ पुलिस उपाधीक्षक योगेश शर्मा ने की । थाना क्षेत्र में आगामी त्यौहारों को सोहार्द पूर्ण बनाने, सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने तथा अफवाह पर ध्यान नहीं देने और असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई, किसी भी प्रकार की घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कहीं । पुलिस उपाधीक्षक शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में अवैध बजरी खनन को रोकने पर जोर दिया जाएगा । इस दौरान बड़लियास प्रशासक प्रकाश रेगर, आकोला प्रशासक शिवलाल जाट, गेगा का पूर्व सरपंच कैलाश शर्मा, किसान नेता भंवर जाट, पूर्व पंचायत समिति सदस्य देवकरण आचारत, कैलाश रैगर, जाकिर हुसैन, लादू लाल व्यास, बादल पाराशर, सुनील शर्मा, नजीर मोहम्मद, युगल सोनी, दिनेश सेन, मुकेश जायसवाल, मोइनुद्दीन मंसूरी, विनोद असावा, राजेश सुवालका, मंगल सिंह आदि मौजूद रहे ।

चित्तौड़ से भीलवाड़ा एंट्री पर कारोई में रोड खस्ताहाल

## सांवरिया सेठ जाने वाले श्रद्धालु भी परेशान, गड्ढों से राहगीर बेहाल

**डामर के नाम पर सिर्फ मिट्टी, बरसात में दलदल बना दो जिलों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग PWD और प्रशासन से तुरंत डामरीकरण की मांग**

स्मार्ट हलचल



**गुरलाः-चित्तौड़गढ़** जिले से भीलवाड़ा जिले में प्रवेश करते ही कारोई कस्बे में सांवरिया सेठ जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह उजड़ चुका है। फोटो में साफ देखा जा सकता है कि सड़क पर डामर नहीं है, सिर्फ पीली मिट्टी डली हुई है। बरसात होते ही पूरी सड़क कीचड़ और दलदल में बदल गई है। जगह-जगह गहरे गड्ढों में पानी भरा है और ट्रक-बाइक फंस रहे हैं। दो जिलों को जोड़ने वाला और सांवरिया सेठ जाने वाला ये महत्वपूर्ण मार्ग जर्जर होने से हजारों राहगीर, श्रद्धालु और ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

**पीली मिट्टी से बना दलदल, आवागमन ठप**

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर पिछले कई सालों से पक्का डामर नहीं बना है। चुनाव के समय सिर्फ खानापूर्ति के लिए पीली मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। अब 2-3 दिन की बारिश में ही सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाती है। कार बस ट्रक एंबुलेंस कीचड़ में धीरे-धीरे निकलते है। बाइक सवार को भी पैर नीचे टिकाकर संतुलन बनाकर चलना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं। ग्रामीण ने बताया 'साहब ये पीली मिट्टी वाली सड़क है। एक बार बारिश हो जाए तो 15 दिन तक कीचड़ नहीं सूखता। पैदल चलना भी मुश्किल है। जूते-चप्पल सब खराब हो जाते हैं।'

**सांवरिया सेठ के श्रद्धालु सबसे ज्यादा परेशान**

भीलवाड़ा कारोई गुरला पुर पहुंना राशमी गिलुंड मात्रिकुंडया से आने जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए सांवरिया सेठ, मंडफिया जाने का मुख्य रास्ता है। दूर-दूर से दर्शन को आने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे इस खस्ता सड़क के कारण सबसे ज्यादा परेशान हैं। बस और निजी वाहन झटके खाते हुए चलते हैं जिससे बीमार लोगों की तकलीफ बढ़ जाती है। 'धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करते हैं लेकिन श्रद्धालुओं के लिए रास्ता ही नहीं है। बाहर से आने वाले लोग पहली बार में ही सड़क देखकर नाराज हो जाते हैं।'

**दो जिलों का संपर्क टूटा, एंबुलेंस भी फंस रही**

ये सड़क चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा दोनों जिलों को जोड़ती है। रोडवेज, स्कूल बस, एंबुलेंस और मालवाहक वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। खराब सड़क के कारण बसें 15-20 मिनट लेट हो ती हैं। सबसे बड़ी समस्या मरीजों को है। भीलवाड़ा जाने वाली 108 एंबुलेंस कीचड़ के कारण समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रही। कारोई ग्रामीण ने ने बताया 'किसान अपनी फसल ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर कारोई गांव लाते हैं। गड्ढों में ट्रॉली पलटने का डर रहता है। चित्तौड़गढ़ के ग्राहक भी सड़क खराब होने से कारोई आना बंद कर चुके टैक्स सब देते हैं लेकिन सुविधा के नाम पर जीरो। नेताओं को चुनाव में याद आती है, बाद में कोई देखने नहीं आता।'

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती-2024

## ऑफलाइन काउंसलिंग निरस्त, अब ऑनलाइन मॉड्यूल से होगी काउंसलिंग

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, भीलवाड़ा ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती-2024 में चयनित अभ्यर्थियों के पदस्थापन के लिए कार्यालय के पूर्व आदेश दिनांक 24 जुलाई 2026 द्वारा जारी काउंसलिंग समय-सारणी (शेड्यूल) को निरस्त कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) श्री राजेन्द्र कुमार गग्गड़ ने बताया कि प्राप्त नवीन निर्देशों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग अब ऑनलाइन मॉड्यूल के माध्यम से कराई जाएगी। इसी कारण पूर्व में जारी ऑफलाइन काउंसलिंग समय-सारणी को निरस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन मॉड्यूल के माध्यम से काउंसलिंग की प्रक्रिया अपनाई जाएगी तथा इसके संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश एवं समय-सारणी निदेशालय, बीकानेर से प्राप्त निर्देशानुसार पृथक से उच्च अधिकारियों द्वारा जारी किए जाएंगे।

# वाराणसी से उठेगी संत रविदास के समरसता संदेश की गूंज, 650 वीं जयंती वर्ष का होगा ऐतिहासिक शुभारंभ

## राष्ट्रव्यापी अभियान में शामिल होंगे शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा, जन्मस्थली की पावन मिट्टी 131 कलशों में पहुंचेगी देशभर के गांव-गांव

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष को भारतीय जनता पार्टी इस बार अभूतपूर्व श्रद्धा, भव्यता और राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी के साथ मनाने जा रही है। आषाढ़ पूर्णिमा से लेकर माघी पूर्णिमा तक चलने वाले इस विशेष जयंती वर्ष के दौरान देशभर में संत रविदास के जीवन, दर्शन, सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस विराट अभियान का शुभारंभ 29 जुलाई को संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी से होगा, जहां देश के 27 राज्यों से आए प्रतिनिधि एक ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनेंगे। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख जनप्रतिनिधियों के दल में शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा भी शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी के नेतृत्व में राजस्थान का प्रतिनिधिमंडल 28 जुलाई को वाराणसी पहुंचेगा और अगले दिन आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभागिता करेगा।




विधायक डॉ. बैरवा की इस महत्वपूर्ण भागीदारी को शाहपुरा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण अवसर माना जा रहा है।

**650वीं जयंती वर्ष बनेगा राष्ट्रीय जनजागरण अभियान**

भाजपा ने संत रविदास महाराज की 650वीं जयंती को केवल एक धार्मिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए इसे सामाजिक समरसता और जनजागरण का राष्ट्रीय अभियान बनाने का निर्णय लिया है। 29 जुलाई से प्रारंभ होकर आगामी 1 फरवरी तक देशभर में कलश पूजन, कलश यात्राएं, जनसंपर्क अभियान, जनसभाएं, सामाजिक संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा संत रविदास के विचारों पर आधारित विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक संत रविदास की शिक्षाओं को पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

**जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी पहुंचेगी गांव-गांव**

इस आयोजन की सबसे विशेष और आकर्षक पहल होगी संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर की पावन मिट्टी को 131 कलशों में भरकर देशभर में भेजना। यह पवित्र माटी उत्तर प्रदेश सहित 27 राज्यों के प्रमुख जिलों, मंडलों, गांवों और बस्तियों तक पहुंचेगी। प्रत्येक स्थान पर इन कलशों का विधिवत पूजन एवं वंदन किया जाएगा तथा संत रविदास के सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा का मानना है कि यह अभियान देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता को और मजबूत करेगा। जन्मस्थली की मिट्टी लोगों को अपनी महान संत परंपरा से जोड़ने का माध्यम बनेगी तथा सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकात्मता का संदेश घर-घर तक पहुंचेगा।

**27 राज्यों के प्रतिनिधियों का होगा ऐतिहासिक संगम**

वाराणसी में आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के 27 राज्यों से प्रतिनिधि भाग लेंगे। 28 जुलाई को विभिन्न राज्यों से पहुंचने वाली 131 टोलियां संत रविदास की जन्मस्थली पर एकत्र होंगी। इन टोलियों के माध्यम से 131 कलशों में जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी भरी जाएगी। अगले दिन वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन एवं आरती के पश्चात इन कलशों को पूरे देश के लिए रवाना किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विशाल जनसभा का भी आयोजन होगा, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता, संत समाज के प्रतिनिधि तथा हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

**राजस्थान से पहुंचेगा मजबूत प्रतिनिधिमंडल**

राजस्थान से भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी के नेतृत्व में जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल, विधायक संदीप शर्मा, कुलदीप धनकड़, कैलाश वर्मा, डॉ. लालाराम बैरवा, गोपाल शर्मा, प्रदेश मंत्री सीताराम पोसवाल तथा पूर्व सांसद मनोज राजौरिया सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। यह प्रतिनिधिमंडल राजस्थान की ओर से कार्यक्रम में सहभागिता कर संत रविदास के संदेश को प्रदेश तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएगा।

**राष्ट्रीय नेतृत्व रहेगा मौजूद**

शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने बताया कि 29 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष तथा अनेक केंद्रीय एवं प्रदेश स्तरीय मंत्री, सांसद, विधायक और देशभर से आए संत समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। सभी की मौजूदगी में 131 कलशों का पूजन एवं आरती कर उन्हें देश के विभिन्न राज्यों के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक अभियान होगा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फुका



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम लाल जाट के निर्देशानुसार दिनांक 24 जुलाई को सायं बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा तेजाजी का चौक बिजौलिया पर धरना-प्रदर्शन रखा गया और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फुका कार्यक्रम मे ब्लॉक संयोजक अंकित तिवारी बिजोलिया मंडल अध्यक्ष अनिल राव मांडलगढ़ विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामफुल धाकड़ ब्लॉक महामंत्री सत्यनारायण शर्मा गोपाल शर्मा जगदीश जगदीश सांखला राहुल सेठिया एससी ब्लॉक अध्यक्ष कुंज बिहारी मैहर बिजोलिया पंचायत समिति प्रत्याशी विक्रम सोनी रामेश्वर सेन ओबीसी अध्यक्ष संजय मालवीय विजेश धाकड़ घनश्याम धाकड़ मुकेश खटीक खटीक रणजीत कानावत दीपक मीणा छितर प्रजापत प्रदीप शर्मा राजेश पुरोहित जसवन्त सोलंकी गोपाल राव किशन खटीक सत्तार फौजदार घनश्याम राजपूत मोसिन अली शौकत खान नंदलाल भील अमित दीपक पालीवाल अनिल जैन सुनील शर्मा गोपाल शर्मा आदिल मंसूरी बाबू नायक कैलाश धोबी और आदि मौजूद रहे

**प्रमुख मांगे**

NEET सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित 150 से ज़्यादा पेपर लीक मामलों में जवाबदेही तय करने की मांग
केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग।
दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों एवं युवाओं पर दर्ज मुकदमों की वापसी।
इस विषय पर संसद में चर्चा कराने की मांग।
प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से देश के छात्रों से माफी मांगने की मांग।

# भारतीय किसान संघ की चंवरा के हनुमान जी को तहसील बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर** भारतीय किसान संघ तहसील बड़लियास की बैठक तहसील अध्यक्ष भंवरलाल थरोदा की अध्यक्षता में श्री चंवरा के हनुमान मंदिर में आयोजित हुई । प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट ने कहा कि नियमित ग्राम समिति की बैठक करके गांव की सामान्य समस्या का समाधान करने, गांव में वृक्षारोपण करने, विद्यालय में संपर्क कर शिक्षा व्यवस्था सुधारने, सफाई व्यवस्था इत्यादि हेतु सरपंच, सचिव, पटवारी से मिलकर सुधार करना होगा । जिला अफीम आयाम प्रमुख रामपाल जाट ने कहा कि वन्य जीव जंगली सूअर, रोजड़ों इत्यादि से फसल सुरक्षा, खाद की समुचित व्यवस्था सुधारने हेतु उप तहसील बड़लियास पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया । बैठक का संयोजन तहसील सहमंत्री रामलाल गाडरी ने किया । तहसील अफीम आयाम प्रमुख भंवरलाल सुथार, युवा प्रमुख नारायणनाथ योगी जैविक प्रमुख सांवरमल जाट, पर्यावरण प्रमुख लादूलाल श्रौत्रिय, सूरजमल गाडरी, भंवरलाल गाडरी, भंवरलाल जाट, हरचंद गूजर, कन्हैयालाल कुम्हार, अंशुल शर्मा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# मानवाधिकार विकास संघ में भगवान सिंह खंगारोत प्रदेश महासचिव (किसान प्रकोष्ठ) नियुक्त

स्मार्ट हलचल



**जोबनेर।** मानवाधिकार विकास संघ (॥रष्ठ) की राष्ट्रीय कोर कमेटी ने इ्योढ़ी जोबनेर निवासी भगवान सिंह खंगारोत को संगठन के प्रदेश महासचिव (किसान प्रकोष्ठ), राजस्थान पद पर नियुक्त किया है। मानवाधिकार विकास संघ के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार जैन की अनुशंसा पर राष्ट्रीय कोर कमेटी की ओर से उनकी यह नियुक्ति की गई। उन्हें प्रदेशभर में किसान प्रकोष्ठ को सशक्त बनाने, संगठन के विस्तार तथा मानवाधिकार एवं किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश तंवर की ओर से जारी नियुक्ति आदेश में कहा कि भगवान सिंह खंगारोत की नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक अनुभव, कार्यशैली तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। समिति ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन के उद्देश्य और जनकल्याणकारी गतिविधियां प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचेंगी तथा संगठन को नई मजबूती मिलेगी। नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान सिंह खंगारोत को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में किसान प्रकोष्ठ प्रदेशभर में सक्रिय भूमिका निभाएगा और संगठन की विचारधारा एवं जनसेवा के कार्यों को नई गति मिलेगी।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर संघर्ष समिति ने छात्र आंदोलन की निष्पक्ष जांच, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और युवाओं के हितों की सुरक्षा की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल



**सावर** डॉ. भीमराव अंबेडकर संघर्ष समिति सावर के तत्वावधान में शनिवार को युवाओं के हितों की रक्षा, परीक्षा एवं भर्ती व्यवस्था में व्यापक सुधार तथा दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम केकड़ी उपखंड अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में समिति ने कहा कि देशभर के बेरोजगार युवाओं और विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए परीक्षा एवं भर्ती प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय बनाया जाना आवश्यक है। साथ ही दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुई घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि छात्रों को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। समिति ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने, आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले प्रत्येक छात्र के परिजनों को ?1 करोड़ की आर्थिक सहायता देने, संसद में पेपर लीक प्रकरणों एवं छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई पर चर्चा कराने तथा शिक्षा माफिया और पेपर लीक गिरोहों के खिलाफ समयबद्ध एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग की। साथ ही आंदोलन में शामिल छात्रों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने की मांग भी उठाई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घनश्याम, संरक्षक सूरजकरण माला, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण कोली, सचिव विनोद पवार, कोषाध्यक्ष कालूराम रेगर, मार्गदर्शक उम्मेद सिंह दीदावत, छोटूलाल पवार, मनोज कुमार टांक सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### पुलिस उपाधीक्षक डाबरिया ने सीएलजी सदस्यों संग की बैठक

# नशा व साइबर अपराध रोकने पर दिया जोर

## पढ़े-लिखे भी हो रहे साइबर ठगी के शिकार

**कस्बे के बस स्टैंड पर पुलिस चौकी स्थापित करने की उठी मांग**

स्मार्ट हलचल

**काछोला** काछोला थाना परिसर में कोटड़ी पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया ने साइबर अपराध, नशा मुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा और सड़क सुरक्षा को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक ली। साइबर अपराध को लेकर पुलिस उपाधीक्षक डाबरिया ने कहा कि पढ़े-लिखे लोग भी ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में लोगों को मोबाइल और लैपटॉप के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी जा रही है। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो वह तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कर सकता है। महिला एवं बाल सुरक्षा के लिए 112, 1090 और 108 जैसी हेल्पलाइन का प्रचार किया जा रहा है। राजकॉप ऐप पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी दी जा रही है। थाना प्रभारी नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि सड़क हादसों में युवाओं की जान जा रही है, इसलिए हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें और गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करे। इन सभी विषयों पर बड़े स्तर पर अभियान चल रहा है।वही विद्यालयों में जाकर भी बालिकाओं से महिला सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर जानकारी दी जाएगी।थाना प्रभारी शर्मा ने साइबर क्राइम में लोगो को सतर्क रहने की अपील की और कहा कि अपराध नियंत्रण में आमजन की भागीदारी बेहद जरूरी है। पुलिस चौकी की रखी मांग -सीएलजी सदस्यों ने पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया के समक्ष कस्बे के बस स्टैंड पर पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की जिस पर पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि उच्च अधिकारियों को अवगत करवा कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।वही स्थानीय विधायक से अनुशंषा करवाने को लेकर सीएलजी सदस्यों को कहा। सदस्यों ने किया स्वागत -सीएलजी सदस्यों ने पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया,थाना प्रभारी सीआई नरेश कुमार शर्मा, एएसआई रामेश्वर मीणा का स्वागत किया। इस अवसर वंश प्रदीप सिंह सोलंकी,संदीप सोनी,डॉ एन के सोनी,संपत सिंह सोलंकी,भेरू लाल मंत्री,रमेश चंद्र बसेर,सत्य नारायण वैष्णव,घनश्याम पोरवाल,राजेंद्र सिंह सोलंकी,कैलाश धाकड़,डॉ राधेश्याम वैष्णव,राजेंद्र रेगर,मोहम्मद शाबीर रंगरेज, लादू धाकड़,रामस्वरूप धाकड़, गोपाल मंत्री,योगेश मालू, अरविंद डागा,निलेश मंत्री, असलम रंगरेज सहित आदि उपस्थित थे।



# गेणोली में विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़ ।** क्षेत्र के गेणोली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे।

**गाजे-बाजे और घुड़सवारी के साथ भव्य अगवानी**

समारोह के दौरान ग्रामीणों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने विधायक गोपाल खंडेलवाल का गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और घुड़सवारी के साथ जोरदार स्वागत किया। ग्रामीण नाचते-झूमते हुए विधायक को अगवानी कर कार्यक्रम स्थल तक ले गए, जिससे पूरे गांव में उत्सव का माहौल बना रहा।



**'सड़क, शिक्षा और जनसुविधाओं का हो रहा निरंतर विस्तार'**

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, शिक्षा और सामुदायिक सुविधाओं के विकास के लिए लगातार ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। आमजन की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है।

यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, पूर्व चेयरमैन संजय डांगी, भाजपा नेता मनोज सनाढ्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा, समाजसेवी लादू माली, भूरा लाल माली, मुकेश मीणा, शक्ति केंद्र संयोजक सांवरलाल मीणा, शंकर लाल माली, संतोष सुखवाल, नंद लाल दरोगा, भवानीशंकर माली, जगदीश मीणा, मोहनपुरा प्रशासक रामस्वरूप तेली, कैलाश तेली, ग्राम विकास अधिकारी मुकुल ऐरन, कनिष्ठ सहायक मुकेश जोशी, प्रधानाचार्य संजय जोशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# भक्ति के रंग में रंगा अग्रवाल मंदिर, लड्डू गोपाल के नौका विहार ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

## अग्रसेन महिला मंडल (पूर्वी जोन) के आयोजन में भजन संध्या, छप्पन भोग और प्रसाद वितरण के साथ उमड़ी महिलाओं की आस्था

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** अग्रसेन महिला मंडल (पूर्वी जोन) की ओर से धान मंडी स्थित अग्रवाल मंदिर प्रांगण में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल के नौका विहार एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और भजनों की मधुर स्वर लहरियों से गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ लड्डू गोपाल के विशेष श्रृंगार एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद आकर्षक ढंग से सजाई गई नौका में विराजित लड्डू गोपाल का नौका विहार कराया गया, जिसका श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर दर्शन किया। सुंदर पुष्प सज्जा एवं मनमोहक धार्मिक वातावरण ने सभी का मन मोह लिया। भजन संध्या के दौरान महिलाओं ने एक से बढ़कर एक कृष्ण भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भक्ति गीतों पर उपस्थित महिलाओं ने झूमकर नृत्य किया और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में पूरी तरह लीन नजर आईं। पूरा मंदिर परिसर राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन कर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर लड्डू गोपाल को श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे सभी ने श्रद्धाभाव से ग्रहण किया। इस भक्ति संध्या को सफल बनाने में पूर्वी जोन के संरक्षक रामगोपाल अग्रवाल, कृष्ण गोपाल कंसडिया एवं ललित अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। आयोजन में पूर्वी जोन महिला मंडल की अध्यक्ष पायल अग्रवाल, सचिव संध्या अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, सविता अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, करिश्मा अग्रवाल, रानू अग्रवाल, जया अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, कीर्ति जैन, किरण अग्रवाल सहित समाज की अनेक महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। अंत में सभी ने भगवान श्रीकृष्ण से समाज में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



# भीलवाड़ा के आर.के. कॉलोनी वार्ड संख्या 33 के बाशिंदे लचर यातायात व्यवस्था से परेशान



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** शहर की आर.के. कॉलोनी, वार्ड संख्या 33 में बदहाल यातायात व्यवस्था स्थानीय निवासियों और व्यापारियों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। सड़क पर अवैध अतिक्रमण तथा बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण आए दिन लंबा जाम लग जाता है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं, क्षेत्र के व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप समस्या दिन-प्रतिदिन और गंभीर होती जा रही है। वार्ड संख्या 33 के निवासी एवं व्यापारी ने प्रशासन से मांग की हैं कि सड़क को सुगम और सुरक्षित आवागमन के लिए तत्काल अवैध अतिक्रमण हटाया जाए तथा सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों के विरुद्ध नियमित और प्रभावी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यातायात व्यवस्था और अधिक बिगड़ सकती है तथा किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन से मांग है कि सड़क पर 'नो-पार्किंग' के बोर्ड लगाना, सफेद पट्टी (मार्किंग) खींचना और व्यस्त समय में यातायात कर्मी की तैनाती की जाए।

# जिला अभिभाषक संस्था ने न्यायालय परिसर में नवीन डाकघर खोलने की मांग की



**सांसद अग्रवाल ने किया आश्वस्त**

**भीलवाड़ा ।** जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राठौड़, महासचिव पंकज दाधीच के नेतृत्व में रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सहसचिव आदित्यसिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली, मनोनीत सदस्य पंकज पंचोली, राघवेंद्रनाथ व्यास, ओमप्रकाश तेली, वंदना आमेटा, पीरू सिंह गौड़, आनंद शर्मा ने सांसद दामोदर अग्रवाल को पत्र सौंपकर न्यायालय परिसर में पोस्ट ऑफिस खोलने की मांग की है अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ ने बताया कि न्यायालय व अधिवक्ताओं द्वारा प्रतिदिन करीब 1000 से ज्यादा डाक भेजी जाती है, न्यायालय परिसर के आसपास डाकघर नहीं है और जो कलेक्ट्रेट परिसर में डाकघर है जिसमें भी पर्याप्त स्टाफ नहीं होने से लंबी लंबी लाइन लग जाती है जिसमें न्यायिक कर्मचारी और अधिवक्तागण के साथ आमजन भी परेशान होते हैं और कई बार प्रकरणों की समयावधि भी निकल जाती है जिससे पक्षकारों को अपूरणीय क्षति होती है यदि न्यायालय परिसर में पोस्ट ऑफिस की शाखा खोली जाती है तो आमजन के साथ न्यायिक कर्मचारी और अधिवक्तागण के लिए सुविधाजनक रहेगा और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजन को मिल सकेगा और डाक विभाग को अतिरिक्त आय अर्जित होगी जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष राठौड़ ने पोस्ट ऑफिस के लिए न्यायालय परिसर में स्थान उपलब्ध करवाने की बात भी रखी सांसद दामोदर अग्रवाल ने जिला अभिभाषक संस्था कार्यकारिणी को आश्वस्त किया कि 2 जुलाई को दिल्ली पहुंचकर पोस्ट ऑफिस के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी और जल्द ही न्यायालय परिसर में पोस्ट ऑफिस खोलने का प्रयास किया जाएगा उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए भारतीय डाक-तार एवं दूर संचार मंत्री मंत्री ज्योतिरादित्य सिंह सिंधिया को भीलवाड़ा जिला न्यायालय परिसर में नवीन डाकघर खुलवाने के लिए तुरंत ई मेल भी कर दिया हैं ताकि भीलवाड़ा न्यायालय को एक नवीन डाकघर मिल सके और अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारी और आमजन लाभान्वित हो सके

### हेयरकट नहीं,अधिकारों पर कैंची स्कूल में अध्यापिका ने 4 छात्रों के काटे बाल

# डर ऐसा कि फेल होने के भय से चुप हैं बच्चे,प्रबंधन ने सैलून भेजकर मामला दबाने की कोशिश का आरोप

स्मार्ट हलचल

**खटीक।** भीलवाड़ा जिले के मंगरोप कस्बे के राजकीय सीनियर स्कूल में एक अध्यापिका द्वारा छात्रों के बाल काटने का मामला सामने आया है।घटना को लेकर छात्रों में भय का माहौल है।आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने पूरे मामले को दबाने के लिए छात्रों को पैसे देकर बस स्टैंड स्थित सैलून पर भेजा और उनके बाल दोबारा सेट करवाए,ताकि घटना की भनक बाहर न लगे। जानकारी के अनुसार,स्कूल की 9वीं कक्षा में अध्ययनरत एक छात्र ने बताया कि उसके बाल सामान्य से कुछ बड़े थे।अध्यापिका ने बाल कटवाने को कहा तो उसने स्पष्ट रूप से बताया कि वह अगले दिन बाल कटवा लेगा।छात्र के अनुसार,उसी दिन क्षेत्र में बारिश होने के कारण वह सैलून नहीं जा सका।शुक्रवार को जब वह




रोज की तरह स्कूल पहुंचा तो अध्यापिका ने उसे पकड़ लिया और कैंची से उसके सिर के बाल काट दिए।छात्र का आरोप है कि उसके अलावा तीन अन्य छात्रों के भी इसी तरह बाल काटे गए।

**मामला दबाने के लिए सैलून भेजने का आरोप**

पीड़ित छात्रों का कहना है कि घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने अपनी गलती छिपाने के लिए उन्हें कुछ पैसे दिए और बस स्टैंड स्थित एक सैलून पर भेजकर बाल ठीक करवाए।इससे यह आरोप और गंभीर हो गया है कि मामले को सार्वजनिक होने से रोकने का प्रयास किया गया।

**फेल करने के डर से सहमे छात्र**

घटना के बाद छात्र मानसिक रूप से डरे हुए हैं।उनका कहना है कि यदि उन्होंने इस संबंध में खुलकर शिकायत की तो उन्हें परीक्षा में फेल करने या अन्य तरीके से परेशान किए जाने का डर है।यही वजह है कि अधिकांश छात्र खुलकर सामने आने से बच रहे हैं।

**परिजन भी साधे हुए हैं चुप्पी**

बताया जा रहा है कि छात्रों के अभिभावक भी बच्चों के भविष्य को देखते हुए खुलकर कुछ बोलने से बच रहे हैं।हालांकि,घटना की चर्चा पूरे कस्बे में होने लगी है और लोग सवाल उठा रहे हैं कि अनुशासन के नाम पर किसी छात्र के बाल काटना क्या उचित है?

**उठ रहे कई सवाल**

इस पूरे घटनाक्रम ने स्कूलों में अनुशासन की सीमाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।यदि किसी छात्र के बाल निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं थे,तो क्या उसे समझाइश देकर अभिभावकों को सूचना देना उचित तरीका नहीं था?क्या किसी अध्यापक को छात्र के बाल स्वयं काटने का अधिकार है?और यदि ऐसा हुआ है,तो मामले को दबाने के लिए छात्रों को सैलून भेजने की जरूरत क्यों पड़ी?वही ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जब कोई शिकायत लेकर स्कूल में चला जाए तो स्टाफ उसे थाने में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और महिला स्टाफ से बदतमीजी का झूठा आरोप लगाने तक की धमकियां दी जाती है। इस मामले में सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्कूलों में अनुशासन बनाए रखना आवश्यक है,लेकिन इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।यदि किसी छात्र के बाल स्कूल के नियमों के अनुरूप नहीं हैं या किसी प्रकार की उद्दंडता का मामला है, तो संबंधित छात्र के अभिभावकों को बुलाकर समझाइश दी जा सकती है और आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है।उन्होंने कहा कि आवेश में आकर किसी भी छात्र की अस्मिता और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य करना उचित नहीं है।यदि इस मामले में शिकायत प्राप्त होती है या जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अधिकारी बोले**

सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि अनुशासन बनाए रखने के लिए छात्रों के अभिभावकों को बुलाकर समझाइश देना और नियमों की जानकारी देना उचित प्रक्रिया है। किसी भी छात्र के साथ आवेश में आकर उसकी गरिमा और अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाला व्यवहार करना उचित नहीं है। यदि मामला संज्ञान में आता है और जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यार्थी परिषद ने आयोजित किया 'राव विजय सिंह प्रतिभा सम्मान समारोह', 175 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर.।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई बिजयनगर द्वारा शनिवार को श्री प्रज्ञा महाविद्यालय (इंडोर स्टेडियम), बिजयनगर में 'राव विजय सिंह प्रतिभा सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 175 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मसूदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनीता मेवाड़ा उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, चित्तौड़ प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री वीरेन्द्र सिंह शक्तावत रहे। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सिंह कानावत ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थी परिषद के राष्ट्र निर्माण, छात्र हित एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि अनीता इंदरजीत मेवाड़ा ने विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ने और समाज में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता वीरेन्द्र सिंह शक्तावत ने अपने उद्बोधन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिषद केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त अभियान है। उन्होंने परिषद के सेवा, संगठन और राष्ट्रहित के कार्यों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना एबीवीपी जिला संयोजक तिलक मेवाड़ा ने प्रस्तुत की तथा समारोह के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अंत में नगर मंत्री सेजल मेवाड़ा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित मोदी, विभाग संगठन मंत्री जयंत शर्मा, विभाग संयोजक मोनू प्रजापत, जिला प्रमुख देवेंद्र पिपरवाल, प्रांत राष्ट्रीय कला मंच सहसंयोजक अनिकेत साण्ड, नगर सहमंत्री धनराज शेखावत, अमन, विपिन, मुरली प्रिया, खुशी, अनुस्श्का, संदीप, मनीष, मनोज एवं दिलखुश सहित परिषद के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में कुल 175 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बिजयनगर के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

### फतेहसिंहपुरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से शीशवाडा के युवक की मृत्यु

सूरौठ। दिल्ली मुंबई रेल मार्ग पर फतेह सिंह पुरा एवं हुक्मीखेडा ढिंढोरा रेलवे स्टेशन के बीच बीती रात्रि को ट्रेन की चपेट में आने से गांव शीशवाडा निवासी एक 22 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। सूरौठ थाना प्रभारी सुमेर सिंह गुर्जर ने बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि को फतेहसिंह पुरा रेलवे स्टेशन के अधीक्षक ने उन्हें जानकारी दी कि हुक्मी खेड़ा ढिंढोरा एवं फतेहसिंह पुरा रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मृत्यु हो गई है तथा शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुमेर सिंह एवं पुलिसकर्मी रात को ही मौके पर पहुंचे तथा शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को हिंडौन के राजकीय जिला अस्पताल ले जा कर मोर्चरी में रखवाया तथा शिनाख्त करने के लिए सोशल मीडिया पर मृतक युवक की फोटो वायरल की। शनिवार को सुबह मृतक की शिनाख्त दौसा जिले के सलेमपुर थाने के गांव शीशवाडा निवासी हरिओम जाटव (22) पुत्र प्रताप सिंह जाटव के रूप में हुई। परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## 31 जुलाई को नई दिल्ली में होगा खटीक समाज का अंतरराष्ट्रीय समुदाय मिलन व नि :शुल्क करियर मार्गदर्शन सम्मेलन,जयपुर में हुआ पोस्टर विमोचन

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** ग्लोबल खटीक ऑफिसर्स एवं प्रोफेशनल्स ग्रुप के तत्वावधान में 31 जुलाई को स्कोप कन्वेंशन सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली में चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय समुदाय मिलन एवं निःशुल्क करियर मार्गदर्शन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य समाज के विद्यार्थियों, युवाओं, अधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स को एक मंच पर लाकर शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, करियर मार्गदर्शन, नेटवर्किंग तथा सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के तहत शनिवार को जयपुर के मानसरोवर स्थित गुलाबगढ़ रिजॉर्ट में पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सम्मेलन की सफलता की कामना करते हुए समाज के अधिक से अधिक लोगों से इसमें भागीदारी निभाने का आह्वान किया। पोस्टर



विमोचन कार्यक्रम में अजय असवाल (भारतीय प्रशासनिक सेवा), उर्मिला राजोरिया (पूर्व वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी), महेश दायमा (वाणिज्य कर अधिकारी), सुनील बसवाल (महाप्रबंधक, एयरपोर्ट अथॉरिटी), राधेश्याम दायमा (वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, एसएमएस अस्पताल), भगवती प्रसाद चावला, विष्णु बागड़ी, तूफान सिंह तोसवाड़ा, अविनाश सांखला, सुमित तंवर, मानसी सांखला, कैलाश सांखला, मोहन सांभरिया, दिनेश बेनीवाल तथा अलका नागर सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन में देशभर से भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय राजस्व सेवा, राजस्थान प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न सेवाओं के अधिकारी, चिकित्सक, प्रोफेसर, वैज्ञानिक, इंजीनियर, बैंक अधिकारी, न्यायिक अधिकारी, रक्षा सेवाओं के अधिकारी, उद्योगपति एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित प्रोफेशनल्स भाग लेंगे। इसके साथ ही संघ लोक सेवा आयोग, राजस्थान लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, बैंकिंग, रेलवे, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट), चार्टर्ड अकाउंटेंसी, एमबीए एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क करियर मार्गदर्शन दिया जाएगा। सम्मेलन के दौरान समाज के मेधावी विद्यार्थियों, उत्कृष्ट अधिकारियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार रमेश सांभरिया ने बताया कि सम्मेलन का मूल उद्देश्य 'साथ मिलकर आगे बढ़ें, समाज को लौटाएं' की भावना के साथ शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, करियर मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और सामाजिक सशक्तिकरण को नई दिशा देना है। उन्होंने पूर्व में पंजीकरण करा चुके अधिकारियों, प्रोफेशनल्स, विद्यार्थियों, युवाओं एवं अभिभावकों से सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की।

## सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर फहराया तिरंगा, डीआरयूसीसी सदस्य हुसैन आर्मी की पहल लाई रंग

स्मार्ट हलचल



**सवाई माधोपुर,** मदन मोहन गर्ग। सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर करीब ढाई वर्ष से बिना राष्ट्रीय ध्वज के खड़े पोल पर शुक्रवार को रेलवे प्रशासन ने तिरंगा फहराकर एक महत्वपूर्ण पहल को साकार किया। डीआरयूसीसी सदस्य एवं वतन फाउंडेशन के मुखिया हुसैन आर्मी द्वारा कोटा मंडल की डीआरयूसीसी बैठक में उठाई गई मांग पर रेल प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय ध्वज स्थापित कराया।तिरंगा फहराने के अवसर पर डीआरयूसीसी सदस्य हुसैन आर्मी, पश्चिम रेलवे की सलाहकार समिति (जेडआरयूसीसी) के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, स्टेशन प्रबंधक लोकेंद्र मीना, आरपीएफ निरीक्षक मानसिंह, रेलवे के ए डी ई एन दिगपाल सिंह, अतीश माहेश्वरी सीएमआई , पीडब्ल्यूआई राकेश मीना आई ओ डब्ल्यू अमित भारती व संजय मीणा सहित रेलवे एवं आरपीएफ के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। इसके पश्चात हुसैन आर्मी की ओर से उपस्थित लोगों को मिठाई वितरित कर इस अवसर की खुशी साझा की गई।गौरतलब है कि गुरुवार को कोटा मंडल कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा की अध्यक्षता में आयोजित डीआरयूसीसी की 150वीं बैठक में सवाई माधोपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए हुसैन आर्मी ने रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर लंबे समय से खाली पड़े ध्वज पोल पर तिरंगा फहराने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। इसके साथ ही उन्होंने जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट ट्रेन में जयपुर से सवाई माधोपुर तक सामान्य टिकट सुविधा शुरू करने, करोना काल में वरिष्ठ नागरिकों एवं अधिस्वीकृत पत्रकारों को पहले से मिल रही रेल किराए में रियायत बंद कर दी गई है,उसको पुनः चालू करवाने ,करोना काल में ही बंद की गई मुंबई फिरोजपुर जनता एक्सप्रेस को पुनः चालू करवाने सहित रेल यात्रियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की भी मांग रखी थी।बैठक में मंडल रेल प्रबंधक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्हीं निर्देशों की पालना में शुक्रवार को स्थानीय रेलवे प्रशासन ने सादे एवं गरिमामय समारोह के साथ स्टेशन के मुख्य द्वार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मांग को अमलीजामा पहनाया। रेलवे प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

## पेपर लीक, छात्र आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में संगठनों का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, छात्रों पर दर्ज कार्रवाई वापस लेने और भर्ती सुधार सहित कई मांगें उठाईं

**भीम आर्मी भारत एकता मिशन, संविधान बचाओ संघर्ष समिति, आजाद समाज पार्टी और डॉ. अम्बेडकर विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में जिला कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन**



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक की घटनाओं, भर्ती एवं प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा छात्र आंदोलनों के दौरान पुलिस कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन, संविधान बचाओ संघर्ष समिति, आजाद समाज पार्टी और डॉ. अम्बेडकर विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। इसके बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर, भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और छात्रों के हितों की रक्षा की मांग की गई। ज्ञापन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के साथ ही पेपर लीक मामलों में सख्त कार्रवाई, छात्रों पर दर्ज मामलों को वापस लेने, पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच तथा एनटीए सहित परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाने की मांग की गई। साथ ही सभी भर्ती व प्रवेश परीक्षाओं का आवेदन शुल्क समाप्त करने, समयबद्ध भर्ती कैलेंडर जारी करने और परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की भी मांग उठाई गई। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। इसके तहत राज्य स्तरीय प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन और आवश्यक होने पर भारत बंद जैसे लोकतांत्रिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक पंकज डीडवानिया, आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष हीरालाल बैरवा, समाजसेवी मोतीलाल सिंघानिया, प्रदेश सचिव सुरेश मेघवंशी, रामेश्वर मेघवंशी, भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष दुर्गालाल बैरवा, मंजू रेगर, ओमप्रकाश रेगर, मनोहरलाल बैरवा, शंकरलाल मेघवंशी, सीताराम रेगर, मेघराज पेंटर, सुरेश घुसर, महेन्द्र मेघवंशी, राजू पहाड़िया, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सिंधी समाज में बजा चुनाव का बिगुल, अध्यक्ष पद के लिए सबनानी ने की अपनी उम्मीदवारी की घोषणा



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** स्थानीय सिंधी समाज की सिंधी सेंट्रल पंचायत के बहुप्रतीक्षित चुनाव का बिगुल बज गया है। वरिष्ठ सिंधी समाजसेवी लीला राम सबनानी ने शनिवार को समाज के एक विशाल कार्यक्रम में देवशयनी एकादशी के शुभ अवसर पर सैकड़ों सिंधी समाज जनों के समर्थन के बीच अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर दी। सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूल चंद बहरवानी ने बताया कि इसके साथ ही कई वरिष्ठ सिंधी समाजजनों ने भगवान झूलेलाल की स्तुति कर महिला आश्रम के निकट सबनानी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ भी किया और सबनानी को आशीर्वाद देकर विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान कई समाज जनों ने सबनानी को मिठाई खिलाकर विजय की अग्रिम बधाई भी दी। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से पंचायत के चुनाव नहीं हुए थे इस हेतु सिंधी समाज के संगठन सिंधु जागृति मंच ने महेश खोतानी के नेतृत्व में यह बीड़ा उठा रखा था. लीला राम सबनानी ने सभी समाजजनों ने अधिकाधिक मतों व समर्थन से उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान चंद्र प्रकाश चंदवानी, लक्ष्मण लालवानी, वीरू मल पुरसानी, गुलशन विधानी, राम लखवानी, लाल चंद नथरानी, हीरा लाल गुरनानी, शंकर मेठानी, चंद्र प्रकाश चंदवानी, पवन ठाकुर, हरीश सखरानी, हरीश मनवानी, शेरू निहालानी, किशोर खोतानी, रतन चंदानी, रमेश कोरानी, विजय गुरनानी, गुलशन विधानी, ओम प्रकाश देवानी, सुरेश लोंगवानी, लक्ष्मण लालवानी, राज कुमार गुरनानी, हेमंत सबनानी, नाका रामसिंघानी, मनोहर बदलानी, राज कुमार केसवानी, गोरधन जेठानी, ओम प्रकाश टिकयानी, सुरेश लोंगवानी, धीरज पेशवानी, ओम गुलाबानी, महेश नथरानी, आर के खोतानी, राज कुमार दरियानी, हेमन दास भोजवानी, सुरेश पेशवानी, जितेन्द्र रंगलानी, कमल गुरनानी, अनिल झामनानी, दीपक चंदानी, दर्शन आसवानी, प्रकाश सखरानी, विजय हरि किशन तहिलयानी, दीपक गुरबानी, दौलत बहरवानी, चंद्र प्रकाश मोतियानी, गिरधारी मेठानी, जगदीश गुरनानी, जसवंत खोतानी, तुलसी सखरानी, गोविन्द लखवानी, पुरुषोत्तम ठारवानी, राजेश हेमनानी, खेम चंद ठारवानी, गोविंद राम आसवानी, उमेश आसनानी, रमेश मेठानी सहित कई लोग मौजूद थे।अंत में मोहन सबनानी ने सभा का धन्यवाद देकर आभार जताया।

## खेत में लगाए गए करंटयुक्त तार की चपेट में आने से वृद्ध व बकरी की मौत, किसान पर लापरवाही का आरोप

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू, फतेहपुर** थाना क्षेत्र के सुदेशरा गांव में खेत की सुरक्षा के लिए लगाए गए करंटयुक्त तार की चपेट में आने से एक वृद्ध और उसकी बकरी की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुदेशरा गांव निवासी इद्दू पुत्र दरगाही (70) शुक्रवार शाम करीब छह बजे बकरी चराकर घर लौट रहे थे। रास्ते में सड़क किनारे स्थित एक खेत के चारों ओर किसान धर्म सिंह पुत्र राधे द्वारा झटका तार बांधा गया था, जिसमें परिजनों के अनुसार कथित रूप से 440 वोल्ट विद्युत करंट प्रवाहित किया जा रहा था। इसी दौरान घास चरते समय बकरी तार की चपेट में आकर फंस गई। बताया जाता है कि बकरी को बचाने के प्रयास में इद्दू ने जैसे ही तार को छुआ, वह भी करंट की चपेट में आ गए। तेज करंट



लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बकरी ने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वृद्ध की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी समेत पुत्रियां रिहाना बानो, बेबी, कमरजहां, फूलजहां और रुखसाना बानो का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, मृतक का पुत्र इम्तियाज अहमद रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहता है। ग्रामीणों के अनुसार इद्दू बकरियां चराकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। सूचना मिलने पर खखरेरू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए। मृतक के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि खेत की सुरक्षा के नाम पर खुलेआम करंट प्रवाहित करना घोर लापरवाही है। उन्होंने संबंधित किसान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि मामले से संबंधित तहरीर प्राप्त हुई है तहरीर के आधार पर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## राजेंद्र मार्ग विद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, विद्यालय में छात्र उपस्थित अब जय हिंद के उद्घोष के साथ होगी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेंद्र मार्ग में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक गरिमामय एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गहलोत ने अमर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया और विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति एवं देश सेवा का भाव जागृत किया। इस अवसर एन.एस.एस. एवं घोष बैंड प्रभारी सत्येंद्र माली के प्रभावी नेतृत्व में घोष बैंड की धुन पर सभी अतिथि



एवं छात्रों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरुप पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय कवि योगेंद्र शर्मा रहे, जिन्होंने अपनी ओजस्वी एवं वीर रस की कविताओं के माध्यम से शहीदों को काव्यांजलि अर्पित की। उनकी ओजपूर्ण प्रस्तुति से संपूर्ण विद्यालय परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष तथा करतल ध्वनि से गूंज उठा। कवि योगेंद्र शर्मा के विशेष आग्रह पर प्रधानाचार्य गहलोत ने सभी कक्षा अध्यापकों से उपस्थिति (रोल कॉल) के समय 'यस सर' की जगह 'जय हिंद' बुलवाने का निवेदन किया, जिस पर सभी कक्षा अध्यापकों ने सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की। कार्यक्रम में प्राध्यापक सुरेंद्र सिंह चौहान ने परमवीर चक्र प्राप्त अमर जवानों के शौर्य एवं पराक्रम गाथा के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम प्रभारी शंकर लाल जाट के नेतृत्व में आयोजन के दौरान एन.एस.एस., एन.सी.सी. एवं स्काउट के विद्यार्थियों की अनुशासित उपस्थिति से पूरा विद्यालय एक छावनी के रूप में परिवर्तित नज़र आया, जो अत्यंत अद्भुत और विहंगम दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। मंच का कुशल एवं सफल संचालन प्राध्यापक सांवरा लाल कुमावत एवं भागचंद जैन ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापन प्राध्यापक राजेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की उप-प्रधानाचार्य श्रीमती अंकिता उपाध्याय, प्राध्यापक धीरज जोशी, प्राध्यापक भागचंद जैन, श्रीमती अर्चना जोशी, श्रद्धा शर्मा, रेखा शर्मा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा एवं सभी कार्मिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# दु:ख आए तो टूटना नहीं, भीतर की शक्ति को जगाना ही तीर्थंकर भक्ति है - युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** मनुष्य परमात्मा से प्रार्थना करता है कि मेरे जीवन से दु:ख दूर कर दो, लेकिन तीर्थंकरों की साधना हमें इससे भी बड़ी प्रार्थना करना सिखाती है,दु:ख रहे तो भी मुझे इतना मजबूत बना दो कि मैं उसके सामने टूटूं नहीं। यह उद्बोधन श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने शांतिभवन में आयोजित जाप के महत्व पर केंद्रित धर्मसभा में व्यक्त करते हुए कहा कि तीर्थंकरों की भक्ति पीड़ा से भागने का मार्ग नहीं, बल्कि पीड़ा के बीच अपनी आत्मशक्ति को पहचानने और उसे जागृत करने की साधना है। उन्होंने कहा कि जीवन में सुख-दु:ख आते-जाते रहते हैं। मनुष्य स्वाभाविक रूप से चाहता है कि दु:ख दूर हो जाए, लेकिन धर्म हमें केवल दु:ख से मुक्ति की कामना करना नहीं सिखाता, बल्कि दु:ख के बीच स्वयं को संभालना सिखाता है। कष्ट हमारे हाथ में नहीं होते, लेकिन कष्टों के सामने हमारा मन कैसा रहे, यह हमारे पुरुषार्थ और साधना पर निर्भर करता है। यही वह बिंदु है, जहां धर्म जीवन की परिस्थितियों को बदलने से आगे बढ़कर मनुष्य के भीतर परिवर्तन का कार्य करता है। युवाचार्यश्री ने कहा कि कई बार व्यक्ति सोचता है कि मैंने इतना धर्म किया, फिर मेरे जीवन में दु:ख क्यों आया? यह समझना आवश्यक है कि धर्म कष्ट आने से रोकने का आश्वासन नहीं देता। कर्मों के परिणामस्वरूप जीवन में अनुकूल और प्रतिकूल परिस्थितियां आती रहती हैं, लेकिन धर्म उन परिस्थितियों के बीच मनुष्य को संभालने की शक्ति देता है। कर्म अपना फल दे सकते हैं, लेकिन धर्म उस फल को सहने का सामर्थ्य देता है। परिस्थिति मनुष्य को झुका सकती है, लेकिन आत्मशक्ति उसे भीतर से टूटने नहीं देती। उन्होंने कहा कि मनुष्य जिस सुख की तलाश बाहर करता है, तीर्थंकरों ने उसी सुख का स्रोत अपने भीतर खोजा। बाहरी सुख वस्तु, व्यक्ति और परिस्थिति पर निर्भर होता है, इसलिए उसके साथ अस्थिरता जुड़ी रहती है, लेकिन आत्मा में स्थित आनंद किसी बाहरी सहारे का मोहताज नहीं। तीर्थंकरों का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि सच्चा आनंद परिस्थितियों की अनुकूलता में नहीं,आत्मचेतना के जागरण में है। उनकी आराधना का अर्थ केवल उनके नाम का स्मरण करना नहीं, बल्कि उस चेतना को अपने भीतर जगाना है, जिसने उन्हें संसार के सुख-दु:ख से ऊपर उठकर आत्मसिद्धि की ओर अग्रसर किया। युवाचार्यश्री ने कहा कि जैन परंपरा के 24 तीर्थंकर समान रूप से पूजनीय हैं। भगवान महावीर वर्तमान तीर्थंकर परंपरा के अंतिम तीर्थंकर होने के कारण हमारे वर्तमान साधना-पथ के मार्गदर्शक हैं, लेकिन भगवान महावीर का स्मरण करते हुए हम उस संपूर्ण तीर्थंकर परंपरा को नमन करते हैं, जिसने स्वयं साधना करके सिद्धि प्राप्त की और जीवमात्र के लिए मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने स्वयं चलकर मार्ग बनाया, तभी हमारे भीतर भी उस मार्ग पर चलने का विश्वास और साहस जागा। उन्होंने कहा कि तीर्थंकरों का जाप इसी आत्मजागरण की साधना है। आदिनाथ प्रभु का स्मरण मनुष्य में कर्तव्यनिष्ठा, कर्मण्यता और पुरुषार्थ को जगाता है। नेमिनाथ प्रभु का जीवन बताता है कि करुणा केवल किसी दूसरे जीव के प्रति संवेदना नहीं, बल्कि अपने भीतर की निर्मलता और प्रसन्नता का आधार भी है। पार्श्वनाथ प्रभु सत्य के प्रति निर्भीक रहने और विरोध के बीच भी सत्य का साथ न छोड़ने की प्रेरणा देते हैं। भगवान महावीर विपरीत परिस्थितियों में भी साधना और लक्ष्य से विचलित न होने का आत्मबल प्रदान करते हैं। शांतिनाथ प्रभु शांति, संतुलन, त्याग और शरणागत की रक्षा के लिए स्वयं को समर्पित करने की प्रेरणा देते हैं। युवाचार्यश्री ने कहा कि इन तीर्थंकरों का स्मरण तभी जीवनदायी बनता है, जब उनके जीवन का कोई गुण हमारे अपने जीवन में दिखाई देने लगे। आदिनाथ का स्मरण हमारे कर्तव्य को जगा दे, नेमिनाथ का स्मरण हमारे भीतर करुणा भर दे, पार्श्वनाथ का स्मरण सत्य के लिए खड़े होने का साहस दे और महावीर का स्मरण कठिन समय में भी लक्ष्य से दृष्टि हटने न दे, तभी जाप केवल उच्चारण नहीं रहता, वह साधना बन जाता है। उन्होंने कहा कि जाप का वास्तविक उद्देश्य शब्दों की पुनरावृत्ति नहीं, बल्कि उन शब्दों के माध्यम से अपने भीतर सोई हुई शक्ति को जगाना है। जाप परमात्मा को बदलने की साधना नहीं, स्वयं को बदलने की साधना है। जब श्रद्धा से किया गया स्मरण हमारी दृष्टि बदलने लगे, भावों को निर्मल करने लगे और जीवन जीने के ढंग में परिवर्तन आने लगे, तब समझना चाहिए कि जाप भीतर उतर रहा है। सामूहिक आराधना से वातावरण पवित्र होता है, लेकिन उसकी वास्तविक सार्थकता उस परिवर्तन में है, जो व्यक्ति के भीतर जन्म लेता है। युवाचार्यश्री ने स्पष्ट कहा कि भक्ति की पहचान केवल आंखों में आए आंसू नहीं, बल्कि उन आंसुओं के बाद भी भीतर जीवित रहने वाला साहस है। साधना का अर्थ यह नहीं कि जीवन में तूफान कभी आए ही नहीं, साधना तो यह है कि तूफान आएं, लेकिन भीतर का दीपक बुझने न पाए। तीर्थंकरों का जीवन इसी अडिग आत्मबल का संदेश देता है परिस्थितियां चाहे जैसी हों, मनुष्य अपनी आत्मशक्ति को जागृत करके उनसे ऊपर उठ सकता है। उन्होंने कहा कि तीर्थंकरों ने हमें दु:ख से बचने का नहीं, दु:ख के बीच भी अपने भीतर की शक्ति को पहचानकर आगे बढ़ने का मार्ग दिया है। इसलिए परमात्मा के सामने हमारी प्रार्थना केवल इतनी न हो कि मेरे जीवन में दु:ख न आएं; प्रार्थना यह भी हो कि यदि दु:ख आए तो मेरा विश्वास न डगमगाए, यदि संकट आए तो मेरा साहस न टूटे और यदि परिस्थितियां प्रतिकूल हों तो मेरी आत्मशक्ति मंद न पड़े। क्योंकि जब भीतर की शक्ति जाग जाती है, तब दु:ख जीवन की अंतिम सच्चाई नहीं रहता वह आत्मजागरण की एक सीढ़ी बन जाता है। शांतिभवन के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद चीपड़ एवं मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि धर्मसभा से पूर्व तपस्वी धवल ऋषिजी, यशो दिप्ती मधुकंवरजी,उपप्रवर्तिनी दिव्यज्योतिजी महासती सुचेताजी एवं साध्वी पियूषदर्शनाजी ने सामूहिक जाप करवाया। जाप में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं के साथ शहर के विभिन्न श्रीसंघों के श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर अनेक भाई-बहनों ने उपवास, आयंबिल आदि तप के प्रत्याख्यान युवाचार्यश्री से ग्रहण किए।

## सरकारी स्कूल में शिक्षा की जगह बच्चों से कार धुलवाने का आरोप, ग्रामीणों में रोष



स्मार्ट हलचल

**कुरेडा (पीपलू, टोंक)।** टोंक जिले की पीपलू तहसील स्थित ग्राम पंचायत कुरेडा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुरेडा से एक चिंताजनक मामला सामने आया है। आरोप है कि विद्यालय में कुछ विद्यार्थियों से पढ़ाई करवाने के बजाय शिक्षकों की कार पानी से धुलवाई गई। यदि यह आरोप सही पाया जाता है, तो यह शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के अधिकारों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं। उनके माता-पिता उन्हें इस उम्मीद से स्कूल भेजते हैं कि उन्हें अच्छी शिक्षा मिले और उनका भविष्य बेहतर बने। ऐसे में यदि विद्यार्थियों से निजी कार्य करवाए जाते हैं, तो यह न केवल नैतिक रूप से गलत है बल्कि बच्चों के अधिकारों का भी उल्लंघन है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि शिक्षा विभाग इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी विद्यालय में विद्यार्थियों से निजी कार्य न करवाया जाए।ग्रामीणों का कहना है कि 'शिक्षक का दायित्व बच्चों को शिक्षा देना है, न कि उनसे निजी कार्य करवाना। विद्यालय ज्ञान का मंदिर है और यहां बच्चों का समय केवल शिक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास में लगना चाहिए।' अब सभी की निगाहें शिक्षा विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि आरोप सही हैं, तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाना आवश्यक होगा ताकि सरकारी विद्यालयों की गरिमा बनी रहे और विद्यार्थियों के अधिकार सुरक्षित रहें।

## धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों के संघर्ष की जीत, मोदी सरकार की नैतिक हार : सुरेंद्रसिंह जाड़ावत

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़।** पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने कहा कि जंतर-मंतर पर लंबे समय से संघर्ष कर रहे छात्रों के आंदोलन ने आखिरकार केंद्र सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों, युवाओं और देशभर में न्याय की मांग कर रहे लाखों अभ्यर्थियों की जीत का प्रतीक है। यह उन विद्यार्थियों के संघर्ष की विजय है, जिन्होंने पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर लगातार आवाज बुलंद की। जाड़ावत ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने वर्षों तक छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास किया, 12 वर्षों में पहली बार मोदी सरकार को जोरदार झटका छात्रों ने दिया है उनके लोकतांत्रिक संघर्ष के आगे उसे झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक जैसे मामलों ने लाखों युवाओं के सपनों को तोड़ा, अनेक परिवारों को पीड़ा दी और कई छात्र मानसिक तनाव व अवसाद का शिकार हुए। ऐसे विद्यार्थियों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब दोषियों पर कठोर कार्रवाई कर परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं पूरे विपक्ष के नेताओं ने संसद के भीतर और बाहर छात्रों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, के.सी. वेणुगोपाल, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने लगातार छात्रों के आंदोलन का समर्थन किया और उनकी आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर बुलंद किया। जाड़ावत ने आरोप लगाया कि बेरोजगारी, पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं ने मोदी सरकार के सुशासन के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि देश का युवा अब चुप रहने वाला नहीं है और अपने अधिकारों के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने कहा कि छात्र शक्ति ने यह साबित कर दिया है कि जब युवा एकजुट होकर लड़ते हैं तो सत्ता के सबसे मजबूत सिंहासन भी हिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी जंतर मंतर पर छात्रों के साथ हुई बर्बरता को लेकर पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया कांग्रेस पार्टी छात्रों, युवाओं और बेरोजगारों के अधिकारों की लड़ाई आगे भी पूरी ताकत से लड़ती रहेगी तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित कराने के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी।

### सांसद दामोदर अग्रवाल ने किया नीट छात्रों के साथ संवाद

## भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने नीट परीक्षा में सफल स्टूडेंटस का अभिनंदन करते हुए किया संवाद

### खुल कर चर्चा की और छात्रों की सुनी

स्मार्ट हलचल

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले छात्र छात्रोंओ के साथ सांसद जन संवाद केंद्र पर संवाद किया ।। इस दौरान सांसद अग्रवाल ने छात्र छात्राओं से नीट की परीक्षा से संबंधित खुलकर चर्चा कर हुए छात्रों से उनकी मन की बात सुनी ! सांसद को छात्र-छात्राओं ने एक घंटे से अधिक समय तक खुलकर नीट परीक्षा से संबंधित खट्टी मीठी बाते तसल्ली से सुनी ।।



छात्रों ने इस दौरान परीक्षा से पूर्व और बाद की कठिनाई और सुविधाओं के बारे में बताते हुए कहा की पहलेसे वर्तमान सरकार ने पहली बार नेट की परीक्षा रद्द होने के बाद 50 दिवस के भीतर दुबारा आयोजित कर छात्र छात्राओं के साथ न्याय किया है ! इससे लाखो छात्रों का डॉक्टर बनने का सपना साकार हो रहा है ! इस दौरान छात्र छात्रों ने सांसद अग्रवाल के साथ खुली चर्चा करते हुए परीक्षा के दौरान बिजली की उपलब्धता बैठने आने जाने सहित अन्य साधन और सुविधाओं के बारे में भी ध्यान आकृष्ट किया ! छात्रों ने कहा की परीक्षा के समय और स्थान निश्चित हो होता है इसलिए उस समय पर प्रत्येक सुविधा उपलब्ध होने से छात्र को सकारात्मक माहौल प्राप्त होता है ! सांसद ने प्रधानमंत्री जी का छात्रों को दिए संदेश का जिक्रकर कहा कि सरकार छात्रों एवं अभिभावकों को हुई पीड़ा के प्रति संवेदनशील है ओर संकल्पित है भविष्य में ऐसी वारदात न हो ।। इसका पुख्ता बंदोबस्त करने के लिए सख्त कानून संसद के इसी सत्र में ला रही है, गुनहगार जेल में है, फ़ास्ट ट्रक अदालत से उन्हें कठोर सजा मिलेगी, छात्रों की अपेक्षानुसार त्वरित निर्णय किए जा रहे है ।। संवाद कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाडा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली भाजपा नेता राकेश कसारा शिक्षा विशेषज्ञ अतुल बापना, एलन इंस्टिट्यूट के प्रभारी शक्ति सिंह, राहुल कोठारी नीट परीक्षा में सफल स्टूडेंट वात्सल्य महेश्वरी,उज्जवल सेन, सानिया अंसारी,कनिष्का कुमावत, ऋद्धिका जैन और आकाश इंस्टिट्यूट के राज मोहन व जगदीश खटिक नीट परीक्षा में सफल हुए स्टूडेंट वंदना साहू , वेदिका अजमेरा स्वस्तिका बैरवा, युवराज तेली, सृष्टि आर्य ,अंकित खटिक, राजेश तेली सहित अन्य कई छात्र छात्रों के साथ सौहर्दपूर्ण संवाद किया! इस दौरान छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने सांसद दामोदर अग्रवाल का आभार जताते हुए कहा की आज पहली बार हमे किसी नेता ने सुना और समझा है, हमारी तकलीफ़ और मन की पीडा को सांसद ने अपनी पीड़ा समझते हुए संवाद किया।

## बून्दी में भी बनेगा रामाश्रय, मरीजों के परिजनों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

### -9.21 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होगा तीन मंजिला भवन




**रहने, भोजन और पार्किंग की एक ही स्थान पर होगी व्यवस्था**

स्मार्ट हलचल

**बून्दी-** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय चिकित्सालय में उपचार के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों को जल्द ही बड़ी राहत मिलेगी। कोटा की तर्ज पर अब जिला अस्पताल परिसर में करीब 9.21 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त 'रामाश्रय' का निर्माण कराया जाएगा। यह भवन उन परिजनों के लिए बड़ी सहूलियत साबित होगा, जिन्हें मरीजों की देखभाल के दौरान रहने, भोजन करने और रात्रि विश्राम जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अस्पताल परिसर या खुले आसमान के नीचे रात गुजारनी पड़ती है। परियोजना की निविदा 10 जुलाई को खोली जा चुकी है। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा।

**तीमारदारों को मिलेगी सम्मानजनक सुविधा**

जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज भर्ती होते हैं। उनके साथ आने वाले परिजनों को कई बार ठहरने, भोजन करने और विश्राम की समुचित व्यवस्था नहीं मिल पाती। ऐसे में उन्हें अस्पताल परिसर या खुले स्थानों पर रात गुजारने के लिए मजबूर होना पड़ता है। रामाश्रय बनने के बाद मरीजों के परिजनों को रहने, भोजन और विश्राम की सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। इससे उन्हें मरीजों की देखभाल के दौरान इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा और अस्पताल परिसर की व्यवस्थाएं भी अधिक सुव्यवस्थित हो सकेंगी।

**भूतल पर पार्किंग, ऊपरी मंजिलों पर आवासीय सुविधाएं**

तीन मंजिला रामाश्रय भवन का निर्माण आधुनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। भवन के भूतल पर 17 चार पहिया और 53 दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। प्रथम तल पर भोजन कक्ष, रसोईघर, स्टोर रूम, बर्तन कक्ष, बर्तन धोने की व्यवस्था तथा आवागमन की सुविधा के लिए दो लिफ्ट स्थापित की जाएंगी। द्वितीय तल पर पुरुष परिजनों के ठहरने के लिए 72 बिस्तरों की क्षमता वाली डॉरमेट्री बनाई जाएगी, जहां लिनन स्टोर सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। वहीं तृतीय तल पर महिला परिजनों के लिए 72 बिस्तरों की क्षमता वाली अलग डॉरमेट्री और शौचालय की व्यवस्था की जाएगी, ताकि उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

**कोटा से शुरू हुई पहल अब बून्दी तक**

'रामाश्रय' लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की एक संवेदनशील पहल है। अस्पतालों में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों की कठिनाइयों को देखते हुए इसकी शुरुआत कोटा में की गई थी। अब इसी तर्ज पर बून्दी में भी यह सुविधा विकसित की जा रही है। इसके निर्माण के बाद मरीजों के परिजनों को रहने, भोजन और विश्राम की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। साथ ही वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग से अस्पताल परिसर में अव्यवस्था भी कम होगी। यह परियोजना मरीजों और उनके परिजनों की परेशानियां कम करने के साथ-साथ अस्पताल परिसर को अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाएगी।

## 3,000 लीटर डीज़ल की बचत, उत्सर्जन केवल जलवाष्प का—भारत की हाइड्रोजन ट्रेन ने रचा नया इतिहास

### 1,200 किलोमीटर से अधिक का सफल परिचालन, स्वदेशी तकनीक से स्वच्छ और शून्य-उत्सर्जन रेल परिवहन की दिशा में ऐतिहासिक कदम

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** भारत ने स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल रेल परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन का सफल परिचालन प्रारंभ कर दिया है। 17 जुलाई 2026 को दिल्ली क्षेत्र के जींद-सोनीपत रेलखंड पर हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई यह ट्रेन अब तक 1,200 किलोमीटर से अधिक की सफल यात्रा पूरी कर चुकी है। इस दौरान 3,200 लीटर से अधिक डीज़ल की बचत हुई है, जिससे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी उल्लेखनीय योगदान मिला है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित यह ट्रेन हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक अभिक्रिया से अपने भीतर ही विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करती है। इसी ऊर्जा से ट्रेन संचालित होती है, जबकि उप-उत्पाद के रूप में केवल जलवाष्प (वॉटर वेपर) का उत्सर्जन होता है। इस प्रक्रिया में न धुआँ निकलता है और न ही कार्बन उत्सर्जन होता है, जिससे यह वर्तमान समय की सबसे स्वच्छ रेल प्रणोदन (रेल प्रोपल्शन) तकनीकों में शामिल हो गई है। भारतीय रेल के नेतृत्व में विकसित यह पूर्णतः स्वदेशी परियोजना 'मेक इन इंडिया' अभियान की एक बड़ी उपलब्धि है। 10 कोच वाली इस ट्रेन में दो हाइड्रोजन ड्राइविंग पावर कार लगाई गई हैं, जो संयुक्त रूप से 2,400 किलोवाट की शक्ति प्रदान करती हैं। ट्रेन में लिथियम आयरन फॉस्फेट बैटरियों के साथ उच्च क्षमता वाले हाइड्रोजन सिलेंडर भी लगाए गए हैं, जो इसकी ऊर्जा प्रणाली को अधिक विश्वसनीय एवं दक्ष बनाते हैं। परियोजना के अंतर्गत जींद में भारतीय रेल की पहली समर्पित हाइड्रोजन भंडारण एवं ईंधन भरने की सुविधा भी स्थापित की गई है। इस केंद्र पर 500 बार तक के दाब पर ग्रीन हाइड्रोजन का भंडारण तथा 350 बार के दाब पर ट्रेन में ईंधन भरने की व्यवस्था उपलब्ध है। इसकी कुल भंडारण क्षमता लगभग 3,000 किलोग्राम है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से ट्रेन में अत्याधुनिक बहुस्तरीय सुरक्षा प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं। ये प्रणालियाँ हाइड्रोजन रिसाव, अत्यधिक तापमान, आग एवं धुएँ का स्वतः पता लगाने में सक्षम हैं। इसके साथ ही स्वचालित शट-ऑफ सिस्टम, निरंतर वेंटिलेशन, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों का अनुपालन तथा सभी आवश्यक परीक्षण एवं सत्यापन भी सुनिश्चित किए गए हैं। जींद-सोनीपत रेलखंड पर सफल परिचालन के बाद शीघ्र ही इस ट्रेन का परीक्षण दिल्ली मार्ग पर भी प्रारंभ किया जाएगा। भारत की यह हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि देश में स्वदेशी हाइड्रोजन रेल इकोसिस्टम के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह परियोजना सतत, स्वच्छ एवं शून्य-उत्सर्जन रेल परिवहन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित करती है तथा भविष्य में हरित परिवहन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की मजबूत आधारशिला भी रखती है।

पुलकसागरजी महाराज के ससंघ प्रथम चातुर्मासिक मंगल प्रवेश में उमड़ा श्रद्धा,भक्ति व आस्था का सैलाब

# रामधाम से सूर्यमहल तक भव्य शोभायात्रा में छाए भक्ति एवं श्रद्धा के रंग, गूंजे गुरूदेव के जयकारे

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** ओजस्वी वाणी एवं क्रांतिकारी प्रवचनों से पूरे देश में विशिष्ट पहचान कायम करने वाले ओजस्वी प्रवचनकार प्रख्यात राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पूज्य गुरूदेव पुलकसागरजी म.सा. के भीलवाड़ा शहर में प्रथम चातुर्मासिक मंगल प्रवेश में श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति का ऐसा सैलाब उमड़ा कि लोग कहे उठे किसी संत के मंगल प्रवेश पर ऐसा नजारा पहले नहीं देखा। स्वागत में भीलवाड़ावासियों ने पुष्पों की बारिश की तो आसमान से इन्द्रदेव ने अमृत बरसा गुरूदेव की अगवानी की। दिगम्बर जैन समाज ही नहीं सर्व समाज गुरूदेव ससंघ की अगवानी में उमड़ पड़ा। आसमान से बरसते मेघ भी श्रद्धा एवं आस्था से ओतप्रोत श्रद्धालुओं को डिगा नहीं पाए। बारिश में भीग कर भी श्रद्धालु गुरूदेव पुलकसागरजी महाराज सहित छह संत एवं तीन क्षुल्लिका के स्वागत के लिए आतुर थे। शहरवासियों ने पलक पावड़े बिछा दिए ओर पग-पग पर आस्था ओर भक्ति से ओतप्रोत श्रद्धालु गुरू चरणों में समर्पित हो रहे थे। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित होने वाले चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश शोभायात्रा आजादनगर स्थित जयविलास होटल से राजशाही स्वागत के माहौल में प्रारंभ हुई। शोभायात्रा रामधाम चौराहा पहुंचने के बाद ही बारिश का दौर शुरू हो गया पर श्रद्धा एवं जोश तनिक भी कम नहीं हुआ बल्कि जैसे-जैसे शोभायात्रा आगे बढ़ती गई श्रद्धालुओं का सैलाब बढ़ता ही गया। श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि पूज्य गुरूदेव पुलकसागरजी महाराज की सर्व समाज द्वारा भव्य अगवानी कर स्वागत अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा गोलप्याउ चौराहा पहुंचने पर पुलकसागरजी महाराज ने सर्किल पर चढ़कर शहरवासियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। शोभायात्रा में सकल दिगम्बर जैन समाज के साथ सर्व समाज के श्रद्धालुओं ने उत्साह से सहभागिता करते हुए जगह-जगह गुरूदेव ससंघ का अभिनंदन किया। शोभायात्रा में सबसे आगे विशाल श्रीफल के साथ अश्वों पर धर्म ध्वजा लिए हुए श्रावक सवार थे। पीछे नासिक का प्रसिद्ध ढोल बैण्ड एवं उज्जैन का महाकाल ताशा बैण्ड की मधुर ध्वनियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र थी। शोभायात्रा में दिगम्बर जैन समाज के विभिन्न महिला मण्डलों की श्राविकाएं अलग-अलग धार्मिक चिन्ह व प्रतीक हाथों में लेकर चल रही थी। कई श्राविकाएं गुरूदेव पुलकसागरजी की छवि के कटआउट हाथों में लिए हुए थी। शोभायात्रा में सबसे अंत में रजत रथ में भगवान की छवि विराजित थी।



**सुभाष मार्केट में 108 थालियों से किया गुरूदेव पुलकसागरजी का पाद प्रक्षालन**

चातुर्मास संयोजक मनीष शाह ने बताया शोभायात्रा रेलवे फाटक, मुरली विलास रोड, स्टेशन चौराहा होते हुए गोलप्याउ पहुंची तो दिगम्बर जैन महिला मण्डल की श्राविकाओं ने मंगल आरती से गुरूदेव की अगवानी की ओर धर्म संस्कृति से ओतप्रोत सजीव झांकियों की प्रस्तुति दी गई। शोभायात्रा पर ड्रोन से पुष्प वर्षा हुई तो गोल प्याउ चौराहे पर विशेष रूप से तैयार मंच पर पुष्कर के अन्तरराष्ट्रीय नगाड़ा वादक नाथुसिंह सोलंकी ने टीम के साथ नगाड़ो की दिव्य ध्वनि एवं संगीत के साथ गुरूदेव की अगवानी की। चातुर्मास सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि नेताजी सुभाष मार्केट में रिमझिम बारिश के बीच श्रद्धा व भक्ति भाव से 108 थालियों में आचार्यश्री का पाद प्रक्षालन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु गुरूदेव के जयकारे गूंजायमान करते रहे। शोभायात्रा सिंधुनगर, शास्त्रीनगर मेन सेक्टर स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर होते हुए सूर्यमहल पहुंच सम्पन्न हुई।

**चातुर्मासिक मंगलकलश की स्थापना 2 अगस्त को**

मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज के सानिध्य में नियमित चातुर्मासिक प्रवचन प्रतिदिन सुबह 8.30 से 10 बजे तक शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में होंगे। गुरूदेव के सानिध्य में चित्रकूटधाम में 1 अगस्त को गुरू गुणानुवाद कार्यक्रम होंगा एवं चातुर्मासिक मंगल कलश की स्थापना 2 अगस्त को होगी। इन कार्यक्रम में देशभर से हजारों श्रद्धालु भी शामिल होने के लिए आएंगे। चातुर्मास के दौरान 15 से 30 अगस्त तक चित्रकूटधाम में ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

**पुलकसागरजी महाराज के आजादनगर पहुंचने पर भव्य स्वागत अभिनंदन**

पूज्य पुलकसागरजी महाराज ससंघ के शनिवार सुबह शुक्रवार सुबह शाह फार्म हाउस से विहार न्यू आजादनगर स्थित जय विलास होटल पहुंचने पर पाटनी परिवार एवं सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रावक श्राविकाओं द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। मार्ग में भी जगह-जगह श्रद्धालु गुरूदेव के स्वागत अभिनंदन के लिए आतुर दिखे। श्रद्धाभाव के साथ गुरूदेव का पाद प्रक्षालन भी कराया गया। चातुर्मास समिति के महामंत्री जयकुमार पाटनी ने सभी का स्वागत किया ओर यहां पधारने पर गुरूदेव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।जय विलास होटल में गुरू दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु उमड़े पड़े।

## आर्ट गैलरी को पर्यटन स्थल के रूप में किया जाएगा विकसित, मिलेगी बूंदी चित्रशैली की झलक-जिला कलक्टर

स्मार्ट हलचल

**बूंदी-** जिले के पर्यटन विकास को गति देने और स्थानीय कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर स्थित आर्ट गैलरी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने आर्ट गैलरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना पर चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आर्ट गैलरी और इसके परिसर का इस प्रकार सौंदर्यीकरण व विकास किया जाए कि यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को विश्व प्रसिद्ध 'बूंदी चित्रशैली' के साथ-साथ जिले के अन्य ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों की विस्तृत जानकारी एक ही छत के नीचे मिल सके।



पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिसर में बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि स्थानीय कला को जीवित रखने और नई पीढ़ी को इससे जोड़ने के लिए जल्द ही यहां बूंदी चित्रशैली का विशेष प्रशिक्षण भी शुरू किया जाएगा। आर्ट गैलरी के निरीक्षण के पश्चात जिला कलक्टर ने राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय का भी दौरा किया। उन्होंने पुस्तकालय में अध्ययनरत पाठकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की बारीकी से जानकारी ली। साथ ही, पुस्तकालय भवन में करवाए जाने वाले आगामी विकास व मरम्मत कार्यों को लेकर नगर परिषद आयुक्त को कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि पाठकों को बेहतर माहौल और सुविधाएं मिल सके। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त ब्रजेश राय, पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी और बूंदी ब्रश संस्थान के अध्यक्ष सुनील जांगिड़, सचिव विजय सिंह सोलंकी मौजूद रहें।

# HRP महिलाओं के लिए 27 जुलाई को विशाल रक्तदान शिविर

### कर्मचारी महासंघ ने राज्य कर्मचारियों और स्वयंसेवी संस्थाओं से की रक्तदान की अपील...

स्मार्ट हलचल

**बूंदी-** जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला प्रशासन द्वारा हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली गर्भवती महिलाओं के जीवन को सुरक्षित करने के उद्देश्य से 27 जुलाई को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने जिले के सभी राज्य कर्मचारियों, स्वायत्त शासन संस्थाओं से जुड़े कर्मचारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील की है कि वे इस शिविर में स्वयं रक्तदान करें और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें। महासंघ के मुख्य संरक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक तथा जिला अध्यक्ष सत्यवान शर्मा ने संयुक्त अपील जारी कर कहा कि HRP सघन मॉनिटरिंग अभियान के तहत जिला स्वास्थ्य समिति बूंदी, जिला कलेक्टर एवं प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज के सहयोग से दिनांक 27 जुलाई को स्थानीय रेड क्रॉस भवन में यह रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए महासंघ से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भी सहयोग का आह्वान किया है। इनमें अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ के जिला मंत्री गोपाल लाल वर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, महिला कर्मचारी जिलाध्यक्ष एवं सा्ङ्क्ष्ह्रू संघ की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नफीसा बानो, कोषाध्यक्ष महेश वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष रामप्रसाद गोचर, कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लादू लाल मेघवाल, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मीणा, राजस्थान पटवार संघ के जिला अध्यक्ष घनश्याम कहार एवं ओमप्रकाश चौबदार, राजस्थान नर्सिंग संघ के जिला अध्यक्ष अंकित दाधीच, राजस्थान आईटी एवं कंप्यूटर संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र जांगिड़, राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षा संघ के प्रदेश महामंत्री गोपाल मीणा एवं जिला अध्यक्ष वीरेंद्र मीणा, तालेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष हरिमोहन मीणा, राजस्थान कानूनगो संघ के जिला अध्यक्ष हेमंत दुबे, राजस्थान वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ एवं वन श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष रघुनाथ सिंह, LHV-ANM संघ की जिला अध्यक्ष सोनाली गुप्ता, राजस्थान पशुपालन चिकित्सा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह, महामंत्री राजकुमार मीणा एवं सहायक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अमृत सोलंकी शामिल हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि एक यूनिट रक्त 3 जिंदगियां बचा सकता है। HRP महिलाओं को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके, इसके लिए सभी अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें।




# सुवि नेत्र चिकित्सालय में डॉ. प्रिया कपिला ने पूरी की मेडिकल रेटिना फेलोशिप, आधुनिक रेटिना उपचार में हासिल की विशेषज्ञता

### हिमाचल की युवा नेत्र सर्जन ने डॉ. निपुण बागरेचा के मार्गदर्शन में लिया उन्नत प्रशिक्षण, यूएमबी मिस इंडिया 2025 विजेता भी हैं...

स्मार्ट हलचल

**कोटा** हिमाचल प्रदेश के पालमपुर की युवा एवं प्रतिभाशाली नेत्र सर्जन डॉ. प्रिया कपिला ने सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेजर सेंटर, कोटा में मेडिकल रेटिना फेलोशिप सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। उन्होंने वरिष्ठ रेटिना विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा के मार्गदर्शन में रेटिना संबंधी जटिल रोगों की पहचान, जांच, उपचार तथा दीर्घकालीन प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। सुवि नेत्र चिकित्सालय के निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश कुमार पाण्डेय तथा डॉ. विदुषी शर्मा ने फेलोशिप पूर्ण करने पर डॉ. प्रिया कपिला को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा के साथ राष्ट्रीय स्तर पर उनकी उपलब्धियां युवा चिकित्सकों, विशेषकर महिला डॉक्टरों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान, कौशल, संवेदनशीलता और आत्मविश्वास का समन्वय ही उत्कृष्ट चिकित्सक की पहचान है। वर्तमान में डॉ. प्रिया कपिला पालमपुर के मारंडा स्थित रोटरी आई हॉस्पिटल में कंसल्टेंट नेत्र सर्जन के रूप में सेवाएं दे रही हैं। चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के साथ उन्होंने जयपुर में आयोजित प्रतिष्ठित सौंदर्य एवं व्यक्तित्व प्रतियोगिता में 'यूएमबी मिस इंडिया-2025' का खिताब भी अपने नाम किया। देशभर से प्राप्त करीब 1,300 प्रविष्टियों में से चयनित प्रतिभागियों के बीच उन्होंने अंतिम दौर तक पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि समर्पित चिकित्सक चिकित्सा के साथ व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व और रचनात्मक अभिव्यक्ति में भी नई ऊंचाइयां हासिल कर सकते हैं। फेलोशिप के दौरान डॉ. प्रिया कपिला को इनडायरेक्ट ऑफ्थैल्मोस्कोपी, रेटिना संबंधी क्लिनिकल परीक्षण, एंटी-वीईजीएफ इंट्राविट्रियल इंजेक्शन, रेटिनल लेजर फोटोकोएगुलेशन तथा बैराज रेटिना लेजर जैसी आधुनिक उपचार तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने माइक्रो फेको मोतियाबिंद सर्जरी, प्रीमियम इंट्राऑक्युलर लेंस इम्प्लांटेशन, लेसिक लेजर सर्जरी एवं फेकिक लेंस इम्प्लांटेशन जैसी उन्नत नेत्र शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं का भी अवलोकन किया। रेटिना विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा ने बताया कि मेडिकल रेटिना प्रशिक्षण केवल तकनीकी प्रक्रियाएं सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक मरीज की स्थिति का वैज्ञानिक विश्लेषण, समय पर उपचार का निर्णय और नियमित फॉलो-अप भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रिया कपिला ने पूरे प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, सीखने की उत्सुकता और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण का उत्कृष्ट परिचय दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सुवि नेत्र चिकित्सालय में बिहार, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और नई दिल्ली से आए युवा नेत्र चिकित्सक भी मेडिकल रेटिना फेलोशिप कर रहे हैं। संस्थान में नियमित क्लिनिकल कक्षाएं, केस डिस्कशन, उपचार योजना पर विचार-विमर्श और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से आधुनिक नेत्र चिकित्सा का उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.के. गुप्ता एवं डॉ. सुभाष गुप्ता ने बताया कि सुवि नेत्र चिकित्सालय अब तक देश के विभिन्न राज्यों से आए 30 से अधिक युवा नेत्र चिकित्सकों को प्रशिक्षित कर चुका है। संस्थान का उद्देश्य आधुनिक तकनीकों से प्रशिक्षित विशेषज्ञ तैयार करना है, ताकि देशभर में मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकें। अंत में डॉ. विदुषी शर्मा, डॉ. एस.के. गुप्ता, डॉ. निपुण बागरेचा, डॉ. सुभाष गुप्ता तथा सुवि नेत्र चिकित्सालय की पूरी टीम ने डॉ. प्रिया कपिला को उनकी चिकित्सकीय एवं राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



# सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में 7 वें विशाल पाटोत्सव की धूम, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब...

### भक्ति, आस्था और सनातन संस्कृति के रंग में रंगा पूरा क्षेत्र, हजारों श्रद्धालुओं ने किया महाप्रसाद ग्रहण

स्मार्ट हलचल

**जयपुर (कलवाड़ रोड, गोकुलपुरा)।** कलवाड़ रोड, गोकुलपुरा स्थित प्राचीन श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में 7वें विशाल पाटोत्सव महोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब मंदिर परिसर में उमड़ पड़ा। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। आसपास की विभिन्न कॉलोनियों सहित दूर-दराज़ से आए हजारों श्रद्धालु दिनभर भक्ति एवं आस्था में सराबोर रहे। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं रंग-बिरंगे पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया। भगवान भोलेनाथ का अलौकिक पुष्प श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। दोपहर में आयोजित विशाल भजन संध्या ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। श्री कृष्णा म्यूजिकल ग्रुप, कलवाड़ रोड, जयपुर के तत्वावधान में राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक सुरेश गुर्जर, अमित जैन एवं नितेश शर्मा ने भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और नृत्य करते हुए अपनी भक्ति का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रजापत ने बताया कि मंदिर का यह सातवाँ विशाल पाटोत्सव क्षेत्रवासियों एवं आसपास की कॉलोनियों के जनसहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व उपस्थिति सनातन धर्म के प्रति लोगों की अटूट आस्था और विश्वास का प्रमाण है। कार्यक्रम में पधारे सभी विशिष्ट अतिथियों का विकास समिति द्वारा माल्यार्पण, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वार्ड 47 के पार्षद एवं नगर निगम चेयरमैन विकास बरेठ, रामकुटिया धाम के 1008 श्री अच्युतम केशव दास जी महाराज, महामंडलेश्वर साध्वी श्री श्री मनोरमा जी तथा जयपुर हवामहल विधायक श्री बालमुकुंदाचार्य महाराज (हाथोज धाम) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई तथा श्रद्धालुओं को सनातन धर्म के संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक समाजसेवी, युवा उद्यमी, आसपास की विभिन्न कॉलोनियों की विकास समितियों के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी अतिथियों ने आयोजन की भव्यता की सराहना करते हुए मंदिर विकास समिति के सेवा कार्यों एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। शाम को आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान सेवा, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं की श्रद्धालुओं ने सराहना की। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मंदिर विकास समिति के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, युवा कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों एवं मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा। महिलाओं ने भी सेवा, व्यवस्था एवं प्रसाद वितरण सहित विभिन्न जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। संत-महात्माओं एवं आयोजकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में सनातन संस्कृति की रक्षा एवं भारतीय संस्कारों के संरक्षण के लिए नई पीढ़ी को मंदिरों और धार्मिक आयोजनों से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संस्कारित युवा ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सातवें विशाल पाटोत्सव का यह आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता, सेवा भावना और सनातन संस्कृति के संरक्षण का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर क्षेत्रवासियों के लिए लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा।





## वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित, संघर्ष और सामाजिक न्याय को किया याद




स्मार्ट हलचल

**लखीमपुर खीरी।** विकास खंड फूलबेहड़ के जंगल नंबर-11 स्थित पंचायत भवन सभागार में शनिवार को भारत की प्रथम क्रांतिकारी नायिका, पूर्व सांसद एवं वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं विभिन्न समाजों के लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके संघर्षपूर्ण जीवन, अदम्य साहस और सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों को याद किया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान श्रीमती उमा देवी पत्नी तेजलाल निषाद (निवासी बेडहा सोतीया, मजरा जंगल नंबर-11, फूलबेहड़) द्वारा किया गया। इस अवसर पर निषाद, कश्यप, बिंद, गोंड सहित सर्व समाज के लोगों ने सहभागिता कर फूलन देवी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। सभा में प्रमुख रूप से तेजलाल निषाद, सुभाष कश्यप, भरतलाल कश्यप, धर्मेंद्र, श्यामसुंदर साहनी, बाबूनंदन, रमाकांत साहनी, साहबलाल साहनी, उमाशंकर साहनी, दीनानाथ साहनी, रामबहादुर निषाद, नीबूलाल, रामप्रसाद, बबलू एवं अर्जुनलाल निषाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. आर.ए. उस्मानी, पूर्व विधायक रामशरण भार्गव, आर.पी. चौधरी, सपा नेता हेमंत भार्गव, अमित वर्मा, राजनारायण तिवारी, मजिस्टर यादव, दीपू तिवारी, कौशल गुप्ता, अजय शुक्ला और गगन शर्मा सहित कई गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने फूलन देवी के जीवन संघर्ष, साहस और सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# रक्षा मंत्री राजनाथ बोले, भारतीय सेनाएं हर चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार

● नई दिल्ली

## कारगिल विजय दिवस: भारत की ऐतिहासिक जीत के 27 वर्ष पूरे

दुश्मन की मंशा आज भी नहीं बदली है। वह अब भी घुसपैठ और प्रॉक्सी वॉर जैसी साजिशें कर रहा है। लेकिन भारतीय सशस्त्र बल हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर द्रास में आयोजित कार्यक्रम में कही। रक्षा मंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में सैनिकों ने जो साहस, संकल्प और देशभक्ति दिखाई, वह आज भी पूरे देश और सेना को प्रेरित करती है।जब तक भारतीय सैनिकों का साहस और देशभक्ति अटल है, तब तक कोई भी भारत की ओर बुरी नजर डालने की हिम्मत नहीं कर सकता। सैनिकों की वजह से देश का हर नागरिक बिना डर अपने सपने पूरे कर सकता है। रक्षा मंत्री ने सैनिकों के साथ बराखाना में वार्ता भी की। कारगिल की जीत पर हमें गर्व है, लेकिन देश के सामने सुरक्षा चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं।



## भारतीय सेनाओं ने नई तकनीकों को तेजी से अपनाया

रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही सेना के आधुनिकीकरण पर भी लगातार जोर दिया जा रहा है। आधुनिक हथियार और बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने नई तकनीकों को तेजी से अपनाया है। द्रास के विश्वनाथन स्टेडियम में आयोजित शौर्य भोज कार्यक्रम में ड्रोन, रोबोटिक म्यूल और सेना के मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया गया। साथ ही लद्दाख की संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में लद्दाख के एलजी विनय कुमार सक्सेना, थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, उत्तरी कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा, कारगिल युद्ध के पूर्व सैनिक, वीर नारियां, शहीदों के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इससे पहले कारगिल युद्ध स्मारक पर शौर्य संध्या का आयोजन हुआ। यहां देशभक्ति गीतों के बीच ऑपरेशन विजय के वीरों को श्रद्धांजलि दी गई। कारगिल युद्ध में शहीद हुए 10 सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्री को वीरों की मिट्टी से भरा कलश भी भेंट किया गया।

**मिडिल ईस्ट में छिड़ा महायुद्ध,** अमेरिकी ठिकानों पर ईरान ने किया पलटवार

# बहरीन और कुवैत ने ईरान में घुसकर की सीक्रेट एयरस्ट्राइक, यूएई ने भी दिया साथ

● तेहरान

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग अब एक बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, बहरीन और कुवैत ने ईरान के अंदर मौजूद सैन्य ठिकानों पर पहली बार सीक्रेट एयरस्ट्राइक की है। इस गुप्त ऑपरेशन में संयुक्त अरब अमीरात ने खुफिया जानकारी और एयर कवर देकर मदद की। दूसरी तरफ अमेरिका ने ईरान की नाकेबंदी तोड़ रहे जहाजों पर कार्रवाई तेज कर दी है। ईरान ने भी बहरीन, कुवैत और इराक में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भारी ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में तबाही का मंजर बन गया है। मिडिल ईस्ट में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। बहरीन और कुवैत ने पहली बार सीधे ईरान के अंदर बने ड्रोन और मिसाइल स्टोरेज सेंटरों को निशाना बनाया है। इस पूरे सीक्रेट ऑपरेशन में यूएई ने पर्दे के पीछे रहकर खुफिया जानकारी दी और बहरीन-कुवैत के लड़ाकू विमानों को हवाई सुरक्षा मुहैया कराई। बहरीन और कुवैत की



वायुसेना काफी छोटी है, लेकिन लगातार हो रहे ईरानी हमलों के जवाब में उन्हें यह बड़ा कदम उठाना पड़ा है।

**ईरान ने अपनाया आक्रामक रूख:** ईरान ने भी इस हमले के बाद शांत बैठने के बजाय आक्रामक रुख अपना लिया है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया है कि उन्होंने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर ताबड़तोड़ ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। कुवैत में कैंप उदैरी और अली अल सालेम एयर बेस को निशाना बनाने का दावा किया गया है. इसके अलावा अमेजन के एक डेटा सेंटर पर भी हमले की खबर सामने आई है।ईरान का साफ कहना है कि अमेरिका जिसका भी इस्तेमाल उसके खिलाफ करेगा, वह उसका जायज निशाना होगा।

### समुद्र में नाकेबंदी व अमेरिका की गोलीबारी

फारस की खाड़ी में तनाव चरम पर है। अमेरिकी सेना ने साफ कर दिया है कि वह ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी किसी कीमत पर टूटने नहीं देगी। अमेरिका ने ओमान की खाड़ी में नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे एम/टी लेवाइन (एम/टी लाविन) नाम के एक व्यापारिक जहाज के इंजन पर गोलियां चलाकर उसे बेकार कर दिय। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में सुरक्षा सलाहकारों के साथ मीटिंग की और कहा कि वह युद्ध खत्म करने की कोई जल्दबाजी में नहीं हैं। इस बीच ईरानी हमलों की वजह से हॉर्मुज स्ट्रैट पूरी तरह बंद हो चुका है। इधर लाल सागर में भी जंग की आग फैल चुकी है। ईरान समर्थित हुथी विद्रोहियों ने सऊदी अरब के तेल टैंकरों को निशाना बनाया था। इसके जवाब में सऊदी अरब की अगुवाई वाले गठबंधन ने यमन के होदेइदा इलाके में हुथी ठिकानों पर बमबारी की है। हालांकि सऊदी अरब ने दावा किया है कि उन्होंने होदेइदा बंदरगाह को नुकसान नहीं पहुंचाया है।

### दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको पर खतरा

**सना/रियाद।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, इसके बाद सऊदी के दो शहरों जिजान और यानबू पर खतरा मंडरा रहा है। सिविल डिफेंस ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया। शनिवार सुबह तीन पोस्ट्स के जरिए पहले खतरे को लेकर सतर्क किया गया, फिर सब कुछ सामान्य होने की सूचना दी गई। हालिया पोस्ट में यानबू को लेकर सचेत किया गया है। यह बंदरगाह शहर व्यावसायिक दृष्टि से काफी अहम है। यानबू पश्चिमी सऊदी अरब के मदीना प्रांत में लाल सागर तट पर स्थित एक औद्योगिक शहर है। लाल सागर पर जिद्दा के बाद यह दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह है। बेहद खूबसूरत द्वीप पर्यटन का मुख्य केंद्र है। स्कूबा डाइविंग, कोरल रीफ्स और समुद्री गतिविधियों के लिए काफी पसंद किया जाता है। यही कारण है कि यमन से बढ़ती तल्खी के बीच इस क्षेत्र को लेकर सऊदी काफी फिक्रमंद है। यह चेतावनी ऐसे समय में जारी की गई है जब सऊदी अरब और यमन के हूती विद्रोही, दोनों ने एक दूसरे पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। हूती विद्रोहियों ने जिजान औद्योगिक शहर के एक अहम केंद्र और दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको से जुड़े तेल प्रतिष्ठान को भी निशाना बनाया। हमलों के बाद कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। वहीं, सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन ने यमन के हुदैदाह में हूती विद्रोहियों के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। दरअसल, इससे पहले लाल सागर में सऊदी से जुड़े जहाजों को हूती विद्रोहियों ने निशाना बनाया था।



# स्पेसएक्स के मेगा रॉकेट स्टारशिप की 13वीं परीक्षण उड़ान रही सफल

● वॉशिंगटन

अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने टेक्सास स्थित स्टारबेस से अपने मेगा रॉकेट स्टारशिप की 13वीं परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। लॉन्च के लाइव प्रसारण (ब्रॉडकास्टिंग) में यह जानकारी दी गयी है। स्टारशिप रॉकेट ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 22:51 बजे (भारतीय समय अनुसार शनिवार तड़के 4:21 बजे) उड़ान भरी।

रॉकेट के ऊपरी हिस्से ने परीक्षण उड़ान के दौरान हिंद महासागर में नियंत्रित तरीके से नीचे उतरने और पानी में सुरक्षित उतरने की प्रक्रिया पूरी की। रॉकेट अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 23:57 बजे (भारतीय समय अनुसार शनिवार तड़के 5:27 बजे) हिंद महासागर में उतरा।

स्पेसएक्स के अनुसार, एक घंटे से कुछ ज्यादा समय तक चली इस उड़ान के दौरान 20 स्टारलिंक वी3 उपग्रहों का सफल उप-कक्षीय परीक्षण किया गया और अंतरिक्ष में रैप्टर इंजन को पुनः चालू करने में सफलता मिली। इससे पहले इस परीक्षण उड़ान को तीन बार टाला गया था। पहली उड़ान तकनीकी खराबी के कारण आखिरी मिनट में रद्द कर दी गयी थी। इसके बाद टेक्सास में खराब मौसम के कारण इसे दो बार और टालना पड़ा था।

## कनाडा में भारतीय महिला की हत्या

**ओटावा, आरएनएन।** कनाडा के एडमोंटन में पंजाबी की एक 23 साल की भारतीय महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने महिला की हत्या के आरोप में उसके पार्टनर को गिरफ्तार किया है।

मृतक की पहचान दमनप्रीत कौर के रूप में हुई है। दमनप्रीत पंजाब के लुधियाना के समराला निवासी थी। एडमोंटन पुलिस सर्विस ईपीएस के मुताबिक, 9 जुलाई 2026 को शाम करीब 6.44 बजे उन्हें सिल्वरबेरी इलाके में एक घर से कॉल मिली। वहां एक बेहोश महिला मिली थी जिसके शरीर पर चोटों के निशान थे।

# रूस का यूक्रेन पर हमला 10 की मौत, 100 घायल

## ड्रोन प्रदर्शनी को बनाया गया निशाना

● मास्को

रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज़ कर दिए हैं। हाल में बड़ा हमला राजधानी किएव के पास शुक्रवार को आयोजित ड्रोन तकनीक प्रदर्शनी पर हुआ, जहां बैलिस्टिक मिसाइल हमले में 10 लोगों की जान चली गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने बताया कि इस हमले में लगभग 100 लोग



घायल हुए। प्रदर्शनी में रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद थे। रूस ने भी इस हमले की पुष्टि की है। रूसी रक्षा मंत्रालय का दावा है कि यहां ऐसे ड्रोन प्रदर्शित किए जा रहे थे।

# आईसीसी चीफ प्रॉसिक्यूटर पर यौन शोषण के आरोप

● न्यूयॉर्क

अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के सदस्य देशों ने एक गुप्त वोटिंग के जरिए कोर्ट के मुख्य अभियोजक करीम खान को उनके पद से बर्खास्त कर दिया है। यह कदम एक पूर्व महिला सहकर्मी की तरफ से लगाए गए यौन दुर्व्यवहार और गंभीर कदाचार के आरोपों के बाद उठाया गया है।



**क्या हैं आरोप:** यह मामला मई 2025 का है। जब करीम खान की एक पूर्व सहयोगी ने उन पर यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए थे.।आरोप लगाने वाली मलेशियाई मूल की वकील का सुरक्षा कारणों से ''सारा'' नाम दिया गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि खान का व्यवहार समय के साथ बिगड़ता गया और बात शारीरिक हमले तक पहुंच गई।पीड़ित महिला ने कहा कि जब शक्ति और पद का इतना बड़ा अंतर हो, तो सहमति जैसा कुछ नहीं रह जाता। वह केवल मेरे बॉस नहीं थे, वह पूरी संस्था के सबसे बड़े अधिकारी थे। आरोपों की जांच शुरू होते ही करीम खान को पिछले महीने उनके पद से निलंबित कर दिया गया था।

**गुप्त मतदान में क्या हुआ :** न्यूयॉर्क स्थित यूएन हेडक्वार्टर में बंद कमरे में हुई एक अहम बैठक के दौरान यह मतदान हुआ। आईसीसी के कुल 125 सदस्य देशों में से 82 देशों ने करीम खान को उनके पद से हटाने के पक्ष में वोट दिया। उन पर गंभीर कदाचार और कर्तव्य के गंभीर उल्लंघन का आरोप सिद्ध मानते हुए यह कार्रवाई की गई।

# सीरिया में दो बसों की टक्कर में 35 की मौत



**दमिश्क, आरएनएन।** सीरिया में हाईवे पर बसों की टक्कर में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मध्य सीरिया में दो यात्री बसों की टक्कर में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

यह घटना पलमीरा और अल-सुखना शहरों के बीच एक हाईवे पर हुई। रिपोर्ट के अनुसार, यह हाईवे दमिश्क-दीर एज़-ज़ोर हाईवे था। कतर स्थित मीडिया प्लेटफॉर्म ने यह भी बताया कि जिस हाईवे पर यह दुर्घटना हुई, वह 400 किमी लंबा एक अहम हाईवे है जो देश के पूर्वी हिस्से को राजधानी से जोड़ता है। लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का काम चल रहा है।

# बाढ़ प्रभावित तिनसुकिया में 24 घंटे बहाली कार्य

● मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) जल्द से जल्द सामान्य रेल सेवा बहाल करने के लिए तिनसुकिया मंडल के अधीन बाढ़ प्रभावित सेक्शनों में युद्धस्तर पर व्यापक पैमाने पर बहाली का कार्य कर रहा है। सभी प्रभावित स्थानों पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों और मशीनों को तैनात कर चौबीसों घंटे बहाली का कार्य निरंतर चल रहा है।

शिमलगुड़ी और लाकुवा के बीच (कि.मी. 427/7-11 और अन्य प्रभावित स्थानों पर), किनारे की सुरक्षा और संरचना को मजबूत करने का कार्य चल रहा है। प्रभावित स्थल के पास एक बैलास्ट रेक रखा गया है और प्रभावित रेल संरचना को मज़बूती प्रदान करने के लिए वैगन से बोल्डर उतारने का कार्य जारी है। शिमलगुड़ी-



नामतिआलि सेक्शन (कि.मी. 416/6-10,417/3-14,415/4-6 और 418/4-6) में, सेक्शन को पुनर्बहाल करने के लिए स्टोन डस्ट और बोल्डर अनलोडिंग के साथ-साथ रेल संरचनाओं को ठीक करने का कार्य भी चल रहा है। आमगुड़ी-सेलेंगहाट सेक्शन (कि.मी. 392/2-394/2) में भी सुरक्षा और मज़बूती का काम चल रहा है, जहाँ प्रभावित क्षेत्रों को सुदृढ़ करने के लिए रेत की बोरियों, बांस की पाइलिंग और रेल पाइलिंग का उपयोग किया जा रहा है।

# 5000 मीटर की ऊंचाई पर भी दुश्मनों के ड्रोनों का काल बनेगा भार्गवास्त्र

● नागपुर

हवाई हमलों और खतरनाक ड्रोन स्वार्म के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एसडीएएल ने महाराष्ट्र के नागपुर में इंडियन आर्मी के प्रतिनिधिमंडल के सामने पूरी तरह स्वदेशी और मल्टी-लेयर काउंटर-ड्रोन सिस्टम भार्गवास्त्र का सफल ट्रायल हुआ। भार्गवास्त्र देश में बना, गाड़ी पर लगने वाला, मल्टी-लेयर काउंटर-स्वार्म ड्रोन सिस्टम है। इसे हथियारबंद ड्रोन, लोइटरिंग म्यूनिशन और ऑटोनॉमस ड्रोन स्वार्म के तेजी से बढ़ते खतरों से किफायती और बहुत असरदार सुरक्षा देने के लिए डिजाइन किया गया है।



### माइक्रो-मिसाइलों का इस्तेमाल

सिस्टम में देश में डिजाइन और विकसित किए गए अनगाइडेड रॉकेट और सटीक निशाना लगाने वाली माइक्रो-मिसाइलें इस्तेमाल की गई हैं। इन्हें मल्टी-लेयर एंगेजमेंट आर्किटेक्चर में व्यवस्थित किया गया है, जो दुश्मन के यूएवी को बेअसर करने का बहुत असरदार और किफायती तरीका देता है। इसे भारतीय सशस्त्र बलों के मौजूदा कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशन और इंटेलिजेंस नेटवर्क के साथ आसानी से जोड़ने के लिए भी डिजाइन किया गया है, जिससे भविष्य के नेटवर्क-सेंट्रिक ऑपरेशन्स में इसका इस्तेमाल किया जा सके।

### आज का इतिहास

- **1844:** भारत के प्रमुख शिक्षाविद् गुरुदास बनर्जी का जन्म।
- **1874:** महाराष्ट्र के प्रसिद्ध समाज सुधारक और दलितों के हितैषी छत्रपति साहू महाराज का जन्म।
- **1876:** कलकत्ता में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना।
- **1945:** विंस्टन चर्चिल ने ब्रिटेन के पीएम पद से इस्तीफा दिया।
- **1951:** नीदरलैंड ने जर्मनी के साथ युद्ध खत्म किया।
- **1953:** कम्युनिस्ट क्रांतिकारी फ़िदेल कास्त्रो के नेतृत्व में क्यूबा की क्रांति की शुरुआत।
- **1956:** मिस्र ने स्वेज नहर पर कब्ज़ा किया।

**अच्छी खबर** भारत का 45वां और उत्तर प्रदेश का चौथा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया

# सारनाथ को मिला यूनेस्को विश्व धरोहर का दर्जा

● लखनऊ/ वाराणसी

भगवान बुद्ध की प्रथम धर्मदेशना स्थली सारनाथ को 28 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कर लिया गया है। इसके साथ ही सारनाथ भारत का 45वां तथा उप्र का चौथा विश्व धरोहर स्थल बन गया है। इस उपलब्धि से प्रदेश के बौद्ध पर्यटन परिपथ (बौद्ध सर्किट) को वैश्विक स्तर पर नई पहचान और गति मिलने की उम्मीद है।

यह निर्णय दक्षिण कोरिया के बुसान में आयोजित यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 48वें सत्र में यह घोषणा की गई। सारनाथ को तीन जुलाई 1998 को यूनेस्को की अस्थायी सूची में शामिल किया गया था और लगभग 28 वर्षों बाद इसे स्थायी विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त हुआ है। अब तक उप्र के तीनों विश्व धरोहर स्थल



ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी आगरा क्षेत्र तक सीमित थे। सारनाथ के शामिल होने से राज्य की विश्व धरोहर पहचान पूर्वांचल तक विस्तारित हो गई है और प्रदेश की समृद्ध बौद्ध विरासत को वैश्विक मंच पर नई प्रतिष्ठा मिली है।

बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए सारनाथ का विशेष धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व है। यहीं भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपनी प्रथम धर्मदेशना धम्मचक्र प्रवर्तन दी थी, जिससे बौद्ध संघ की स्थापना हुई और धम्म के प्रचार-प्रसार का सूत्रपात हुआ।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर खुशी जताते हुए इसे प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह भारत की समृद्ध सभ्यतागत तथा आध्यात्मिक विरासत का वैश्विक सम्मान है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस उपलब्धि पर देशवासियों को बधाई दी है। मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा सारनाथ का भगवान बुद्ध से गहरा संबंध है, जिनका ज्ञान, करुणा और सद्भाव का कालजयी संदेश आज भी पूरी दुनिया को प्रेरित करता है। यह सम्मान भारत की समृद्ध सभ्यतागत और आध्यात्मिक विरासत का वैश्विक सम्मान है। मुझे विश्वास है कि इस मान्यता से दुनिया भर के अधिक लोग सारनाथ आयेंगे और भगवान बुद्ध के आदर्शों तथा उनके संदेश से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे।



# नेपाल नहीं हटाएगा एक के सिक्के से विवादित नक्शा

● काठमांडू

नेपाल अपने नए डिजाइन वाले एक रुपये के सिक्के पर विवादित नक्शा ही जारी रखेगा। नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने शनिवार को कहा कि नए सिक्के पर लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी को नेपाल के हिस्से के रूप में दिखाया जाएगा।

नेपाल इन क्षेत्रों पर अपना दावा करता है, जबकि भारत का कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उत्तराखंड का हिस्सा हैं। भारत का यह भी कहना है कि इस मुद्दे का समाधान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के जरिए होना चाहिए। नेपाल में तत्कालीन के.पी. शर्मा ओली सरकार ने मई 2020 में इन क्षेत्रों को अपने आधिकारिक नक्शे में शामिल किया था। नेपाल राष्ट्र बैंक के प्रवक्ता गुरु प्रसाद पौडेल ने कहा कि केंद्रीय बैंक देश के नए नक्शे वाला एक रुपये का सिक्का जारी करेगा, जिसमें इन क्षेत्रों को नेपाल का हिस्सा दिखाया जाएगा।



20 जुलाई को नेपाल सरकार ने एक रुपये के सिक्के पर बने नेपाल के नक्शे की जगह एक बौद्ध मठ की तस्वीर लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालांकि, विपक्षी दलों और आम जनता के दबाव के बाद सरकार ने अपने फैसले में बदलाव किया है।

## वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ने टेस्ट टीम में चुने जाने से कर दिया मना

### कोच डैरेन सैमी ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने बताया है कि तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार (24 जुलाई) से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में खेलने से मना कर दिया। सीरीज के लिए टीम की घोषणा करते हुए क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा था कि जोसेफ निजी कारणों से उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन सैमी ने इस बारे में और जानकारी दी।



सैमी ने सीरीज के पहले मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हमारे लिए यह एक बड़ा नुकसान है। जोसेफ ने टीम में चुने जाने से मना कर दिया है। यही सच है। उन्हें चुना गया था। मेरा मतलब है, वह चोट से वापसी कर रहे हैं। और उसके बाद कुछ कारणों से उन्होंने चयन से मना कर दिया। यह फैसला मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। मैं इसे निदेशकों पर छोड़ता हूं कि वे इसका कोई समाधान निकालें कि अनुबंधित खिलाड़ी चुने जाने से इनकार करते हैं तो क्या होगा।'

### जोसेफ ने 130 विकेट लिए हैं

जोसेफ ने वेस्टइंडीज के लिए 42 टेस्ट खेले हैं और 130 विकेट लिए हैं। दूसरा टेस्ट दो अगस्त से पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जाएगा। जोसेफ की गैरमौजूदगी के बावजूद सैमी को अपनी टीम की गेंदबाजी पर भरोसा है। अटैक में शमर जोसेफ, केमर रोच, जायडन सील्स और ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स और कीमो पॉल शामिल हैं। स्पिन ऑप्शन में जोमेल वारिकन, जोशुआ बिशप और कप्तान रोस्टन चेस शामिल हैं।

Asian Games 2026

## कब होगा भारत-पाकिस्तान का महामुकाबला?

**नई दिल्ली।** एशियाई खेल 2026 में क्रिकेट का रोमांच चरम पर होने वाला है। महिला और पुरुष क्रिकेट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है। पुरुष क्रिकेट में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश को रैंकिंग के आधार पर सीधे नॉकआउट में एंट्री मिली है। जबकि छह अन्य टीमें अफगानिस्तान, हांगकांग चीन, जापान, मलेशिया, सिंगापुर और यूएई के बीच राउंड 1 होगा। अब चर्चा इस बात की है कि भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला कब और कैसे हो सकता है?



तीन-तीन टीमें दो ग्रुप में बांटी जाएंगी। हर ग्रुप की टॉप 2 टीमें दूसरे राउंड में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश से भिड़ेंगी। वहीं महिला क्रिकेट की शुरुआत 8 टीमों के बीच सीधे क्वार्टरफाइनल से होगी।

### पुरुष क्रिकेट में कब और कैसे हो सकता है भारत-पाकिस्तान मैच?

भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें सीधे क्वार्टरफाइनल में नजर आएंगी। राउंड 1 के बाद अफगानिस्तान, हांगकांग चीन, जापान, मलेशिया, सिंगापुर और यूएई में से कोई चार टीमें नॉकआउट में पहुंचेंगी। क्वार्टरफाइनल में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला एक दूसरे से संभव नहीं है। भारत और बांग्लादेश को एक हाफ में रखा गया है और पाकिस्तान व श्रीलंका को दूसरे हाफ में रखा गया है।

## कौन होगा इंग्लैंड का टेस्ट में कप्तान-कोच?

### पाकिस्तान के खिलाफ जिम्मेदारी संभाल सकते हैं रूट और ट्रेस्कोथिक

**नई दिल्ली।** बेन स्टोक्स के संन्यास और ब्रेंडन मैकुलम के हटने के बाद इंग्लैंड की टेस्ट को नए कप्तान और कोच की तलाश है। इस बीच खबर है कि जो रूट और मार्क्स ट्रेस्कोथिक अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए अंतरिम आधार पर इंग्लैंड के कप्तान और कोच हो सकते हैं। इंग्लैंड के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की नए हेड कोच तलाश रहे हैं। उन्होंने इस हफ्ते कई उम्मीदवारों से संपर्क किया है। इस रोल के लिए दावेदारों में




स्टीफन फ्लेमिंग, जोनाथन ट्रॉट, रिचर्ड डॉसन और टॉम मूडी शामिल हैं। ब्रेंडन मैकुलम को टेस्ट कोच के पद से हटाए जाने के बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के चीफ एग्जीक्यूटिव रिचर्ड गोल्ड ने कहा था कि खाली पद 19 अगस्त को पाकिस्तान के पहले टेस्ट से पहले भर दिया जाए। साथ उन्होंने कहा था कि अंतरिम कोच को जिम्मेदारी दी जा सकती है। मैकुलम के सहायक कोच ट्रेस्कोथिक जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

### टीम से कोच कब जुड़ेगा

कोच कब इंग्लैंड की टीम से जुड़ेगा यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उसका कहीं और करार है कि नहीं। फ्लेमिंग और ट्रॉट दोनों ही चेन्नई सुपर किंग्स और अफगानिस्तान के मुख्य कोच पद छोड़ने के बाद फ्री हैं। डॉसन ग्लैमरगन के हेड कोच हैं और मूडी लखनऊ सुपर जायंट्स के ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट के तौर पर काम कर रहे हैं।

21 साल का सूखा खत्म करके जोशना चिनप्पा के क्लब में शामिल

## अनाहत सिंह ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** अनाहत सिंह पिछले 21 वर्ष में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। अनाहत से पहले भारतीय स्क्वाश की दिग्गज जोशना चिनप्पा ने 2005 में यह उपलब्धि हासिल की थी। दिल्ली की रहने वाली इस शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में मिस्र की तीसरी-चौथी वरीयता प्राप्त बार्ब समेह को 11-3, 8-11, 11-4, 11-6 से हराया।

पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद कांस्य पदक जीतने वाली और विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज अनाहत भारत की पहली जूनियर विश्व स्क्वाश चैंपियन बनने से अब सिर्फ एक कदम दूर हैं। अनाहत ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। मैं कुछ महीने पहले ब्रिटिश जूनियर ओपन में बार्ब के खिलाफ खेली थी और वह बेहद करीबी मैच था, इसलिए मुझे पता था कि मुझे वास्तव में अच्छा खेलना होगा।'

- **टूर्नामेंट अभी खत्म नहीं हुआ-** अनाहत ने कहा, 'मैंने कल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया था और मुझे पता था कि मुझे आज यह दिखाना होगा कि मैं क्या कर सकती हूं। मैंने चार विश्व जूनियर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है ,लेकिन क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में हार गई थी, इसलिए फाइनल में पहुंचने से मेरे माता-पिता और कोच बहुत खुश हैं, लेकिन टूर्नामेंट अभी खत्म नहीं हुआ है।' फाइनल में अनाहत का मुकाबला मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रुकय्या सलेम से होगा।

### सिंगापुर में भारतीय खिलाड़ियों का खराब प्रदर्शन

ओम सेमवाल, संदेश रविकुमार और रतिका सीलान शनिवार को क्वार्टर फाइनल में हार के साथ पीएसए सिंगापुर चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर हो गये। पुरुष एकल में चौथी वरीयता प्राप्त सेमवाल आठवें वरीय जेम्स पीच से हार गए। ब्रिटिश खिलाड़ी ने 7-11, 11-6, 7-11, 11-9, 11-7 से जीत हासिल की। पुरुष एकल के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में रविकुमार को दक्षिण कोरिया के तीसरी वरीयता प्राप्त जियोंगमिन रियू से 9-11, 11-5, 7-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त रतिका छठी वरीयता प्राप्त यू जी चेन से हार गईं। मलेशियाई खिलाड़ी ने 11-7, 12-10, 9-11, 11-0 से जीत दर्ज की।

## काउंटी डेब्यू पर चमके कुलदीप यादव

### आशुतोष शर्मा ने भी गेंद से दिखाया कमाल, झटके 4 विकेट



**नई दिल्ली।** कुलदीप यादव ने शुक्रवार को इंग्लैंड में घरेलू लिस्ट ए टूर्नामेंट वन-डे कप में यॉर्कशायर के लिए ग्लेमोर्गन के खिलाफ शानदार डेब्यू किया। उन्होंने 39 रन देकर 2 विकेट लिए। बाएं हाथ के इस चाइना मैन गेंदबाज को पहले नौ ओवर में कोई विकेट नहीं मिला था, लेकिन उन्होंने आखिरी ओवर में तीन गेंदों में दो विकेट झटक लिए। कुलदीप ने 44वां ओवर फेंकते हुए पहली गेंद पर एलेक्स हॉर्टन को आउट किया। दो गेंद बाद जेमी मैक्लरॉय को आउट किया। यॉर्कशायर ने दाएं हाथ के मीडियम पेसर बेंजामिन क्लिफ के 29 रन देकर चार विकेट की मदद से ग्लेमोर्गन को सिर्फ 186 रन पर रोक दिया। कुलदीप ने बल्ले से भी 12 रन बनाए और उनकी टीम ने दो विकेट से मैच जीत लिया। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले आशुतोष शर्मा ने काउंटी में गेंद से धाक जमाई है। आशुतोष ने मिडिलसेक्स के खिलाफ हैम्पशायर के लिए 4 विकेट झटके।




### आशुतोष का गेंद से जलवा

आशुतोष ने 22वें ओवर में नाथन फर्नांडिस को 45 रन पर आउट करके शतकीय साझेदारी तोड़ी। फिर डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने के लिए आए और आखिरी चार विकेटों में से तीन विकेट लिए। उन्होंने 9 ओवर में 45 रन देकर 4 विकेट झटके। इससे हैम्पशायर ने मिडलसेक्स को 50 ओवर में 8 विकेट पर 284 रन पर रोक दिया।

### युजवेंद्र चहल ने झटके 2 विकेट

यॉर्कशायर के खिलाफ पिछले मैच में भी आशुतोष ने 9 ओवर फेंके थे और सिर्फ 48 रन दिए थे। उन्होंने यॉर्कशायर के खिलाफ अपने वन-डे कप डेब्यू में तीन विकेट लिए थे। भारतीय टीम से लंबे समय से बाहर चल रहे युजवेंद्र चहल ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने नॉर्थम्पटनशायर के लिए दो विकेट लिए, लेकिन उनकी टीम केंट से पांच विकेट से हार गई।

शतरंज ओलंपियाड

## दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

- **डी गुकेश, प्रज्ञानानंदा और वैशाली पर दारोमदार**

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, शानदार फॉर्म में चल रहे आर प्रज्ञानानंदा और महिला कैंडिडेट्स विजेता आर वैशाली की अगुआई में भारत ने 16 से 27 सितंबर तक उज्बेकिस्तान के समरकंद में होने वाले फिडे शतरंज ओलंपियाड के लिए मजबूत टीम की घोषणा की है। भारतीय पुरुष और महिला दोनों वर्ग में मौजूदा चैंपियन हैं। पांच-पांच सदस्यीय दोनों टीमों ने 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग का खिताब जीता था। ओपन वर्ग की टीम में डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा के अलावा अर्जुन एरिगैसी, निहाल सरीन और विदित गुजराती को शामिल किया गया है। सरीन 2024 में खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा नहीं थे। महिला टीम में देश की शीर्ष खिलाड़ियों को जगह मिली है। टीम में कोनेरू हम्पी, आर वैशाली, विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और सविता श्रीबी शामिल हैं। इसमें से हम्पी और सविता श्रीबी 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में शामिल नहीं थीं।





बीस वर्षीय प्रज्ञानानंदा इस समय शानदार लय में हैं। उन्होंने जून में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता था। इस दौरान उन्होंने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित गुकेश को भी हराया था। गुकेश हाल के समय में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखे हैं। हाल ही में संपन्न चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स टूर्नामेंट में उन्होंने सात में से तीन मुकाबले गंवाए और केवल दो अंक के साथ अंतिम स्थान पर रहे। इस वर्ष अप्रैल में वैशाली फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी बनी थीं। इसके साथ ही उन्होंने महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन की जू वेनजुन को चुनौती देने का अधिकार हासिल किया।

## कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले भारतीय जूडो टीम में उथल-पुथल



### अरुण कुमार के बाद तूलिका मान भी बाहर, पदक की थीं प्रबल दावेदार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता जूडोका तूलिका मान को ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों से भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया है। तूलिका मान पिछले 12 महीनों में तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहीं। नाडा ने इस कारण उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

तूलिका मान ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 78 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में रजत पदक जीता था। तूलिका मान इस बार भी पदक की प्रबल दावेदार थीं। एक जूडो कोच के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने लिखा, वह 12 महीनों के भीतर तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहीं और नाडा ने उन्हें नोटिस भेजा है, इसलिए उन्हें टीम से बाहर किया जाएगा।

गुरुवार को एक अन्य भारतीय जूडोका अरुण कुमार (73 किग्रा से कम वजन वर्ग में) को भी बाहर कर दिया गया, क्योंकि वह प्रतियोगिता से बाहर लिए गए डोप टेस्ट में विफल पाए गए। भारतीय जूडो टीम अब तक राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना नहीं हुई है, क्योंकि उनकी प्रतियोगिताएं 31 जुलाई से शुरू होंगी। टीम के जूडो खिलाड़ियों को 27 जुलाई को रवाना होना है।

भारत ने शुरुआत में 14 सदस्यीय जूडो टीम को मंजूरी दी थी, जिसमें सात पुरुष और सात महिला खिलाड़ी शामिल थे। पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुल तीन पदक जीते थे। 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में गई 6 सदस्यीय भारतीय जूडो टीम ने दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया था।

तूलिका मान देश की सबसे सफल जूडो खिलाड़ियों में से एक हैं। तूलिका मान ने 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उनका अभियान राउंड ऑफ 32 में समाप्त हो गया था। तूलिका मान ने 2022 और 2024 विश्व जूडो चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया था।

### क्या है वाडा का नियम?

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के नियमों के अनुसार 12 महीनों की अवधि में तीन बार स्थल की जानकारी नहीं देने (स्थान संबंधी जानकारी जमा नहीं करना या फिर डोप जांच के लिए अनुपस्थित रहना) को डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है। 'रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल' (आरटीपी) में शामिल खिलाड़ियों को रात में अपने ठहरने के स्थान का पूरा पता, ट्रेनिंग स्थल, कार्यस्थल या अन्य नियमित गतिविधियों के स्थान का पूरा विवरण तथा हर गतिविधि का सामान्य समय देना अनिवार्य होता है। इसके अलावा आरटीपी में शामिल खिलाड़ियों को हर दिन के लिए 60 मिनट का एक निश्चित समय और स्थान भी बताना होता है, जहां वे डोप जांच के लिए उपलब्ध मिलेंगे। अगर कोई खिलाड़ी इन स्थान संबंधी जानकारी और डोप जांच से जुड़ी अनिवार्यताओं का पालन नहीं करता है तो इसे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लघंन माना जाता है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com